# सैनिकों को इंसाफ के लिए भटकने नहीं दूंगा, उनकी मदद को हर समय तैयार : अनिल विज

## सैनिक की बेटी की शिकायत पर गृहमंत्री अनिल विज सख्त, रोहतक में दर्ज दहेज के मामले में एएसपी से जांच वापस ली





लोगों की समस्याए सुनते हुए अनिल विज।

आज समाज नेटवर्क

**अंबाला।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि ह्यसैनिकों को इंसाफ के लिए वह भटकने नहीं देंगे और उनकी मदद के लिए सदैव तैयार हैंह्व। रविवार को गृहमंत्री अनिल विज अपने आवास पर जन समस्याओं को सुन रहे थे, इसी बीच अपनी बेटी के साथ आए सैनिक ने गृह मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि दहेज मामले में रोहतक के एएसपी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। गृह मंत्री श्री विज ने तुरंत एसपी को फोन पर इस मामले में एएसपी से जांच वापस लेकर कार्रवाई करने निर्देश दिए।

रविवार को जनता की सुनवाई के दौरान गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। रोहतक से आए सैन्यकर्मी कर्मबीर व उसकी बेटी मंजू ने अपनी शिकायत दी। मंजू ने बताया कि रोहतक में दर्ज दहेज के मामले में पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। एएसपी कृष्ण कुमार द्वारा उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है।

सैनिक की बेटी की शिकायत पर गृह मंत्री अनिल विज ने तुरंत संज्ञान लेते हुए रोहतक एसपी को इस मामले में कार्रवाई के लिए कहा और तुरंत प्रभाव से एएसपी कृष्ण कुमार से जांच वापस लेने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने कहा कि सैनिकों को इंसाफ के लिए वह भटकने नहीं देंगे और उनकी मदद को वह तैयार हैं।

### एनआरआई दूल्हे के खिलाफ शिकायत, आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश

कैथल निवासी मीणा देवी ने अपने एनआरआई पति के खिलाफ गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत सौंपी। मीणा देवी न कहा कि उसका पति विदेश चला गया है और अब वह अपने बच्चे के साथ रह रही है। उसे ससुराल पक्ष की ओर से प्रताड़ित किया जा रहा है। दहेज मांगने व मारपीट मामले में पुलिस द्वारा ढुलमुल कार्रवाई की जा रही है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी कैथल को फोन कर मामले में सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए।

### श्रमिकों को स्कूल संचालक ने नहीं दी मजदूरी, की शिकायत

पानीपत के एसआरएम स्कूल में निर्माण कार्य करने वाले श्रमिक पवन कुमार, दिनेश्वर, देव नारायण, राहुल व अन्य ने अपनी शिकायत देते हुए कहा कि उन्होंने स्कूल में निर्माण कार्य किया था, मगर स्कूल संचालकों द्वारा अब तक 1.12 लाख रुपए मजदूरी नहीं दी गई है। गृह मंत्री ने इसपर डीसी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

वहीं, गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष शहजादपुर निवासी राम करण ने शिकायत देते हुए बताया कि उनके बेटे का शव मिलने के बाद शहजादपुर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। इस मामले में थाना पुलिस द्वारा अब तक ठीक से कार्रवाई नहीं की गई है। गृह मंत्री श्री विज ने इस मामले में सीआईए को जांच करने के निर्देश दिए।

### इन मामलों में गृह मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए

जनता की सुनवाई के दौरान सोनीपत निवासी मंजू ने घर में जबरन घुसने के मामले में कार्रवाई करने, पानीपत निवासी राम किशन ने जमीनी विवाद के कारण इंतकाल न होने, करनाल निवासी कृष्ण कुमार ने उसकी जमीन पर कब्जा करने, जींद के कुलदीप सिंह व अन्य ने जमीन पर कब्जा हटवाने बारे सहित अन्य कई मामले सामने आए। गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों में कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

# शम्भू टोल प्लाजा पर ट्रक की चपेट में आने से इनोवा चालक की मौत

आज समाज नेटवर्क

**अंबाला।** गाड़ी को एक तरफ लगाकर टोल टैक्स चुकाने निकले इनोवा चालक को ट्रक ने कुचला दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी के लिए एसएचओ ने टोल प्लाजा वालों को 72 घंटे का नोटिस दिया कि 72 घंटों में सीसीटीवी पुलिस को दिया जाए ताकि आगे की कार्रवाई की जाए।



अंबाला में देवीनागर शम्भू टोल प्लाजा के पास हादसा हो गया। फास्ट्रेग में पैसे खत्म थे। गाड़ी को एक तरफ लगाकर टोल टैक्स चुकाने निकले इनोवा चालक वीरेंद्र कुमार को एक ट्रक ने कुचल दिया, जिस कारण वो घायल हो गया। उन्हें चंडीगढ़ के सैक्टर 32 के स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वीरेंद्र यूपी के एटा जिले का रहने वाला था। गुरुग्राम के बिजनेसमैन कपिल कुमार मालिक इनोवा का चालक था।

कपील ने पुलिस को बताया कि यह मूलरूप से भिवानी के रहने वाले है। 15 फरवरी कुरुक्षेत्र के रिश्तेदार की शादी में परिवार समेत आए थे। 17 फरवरी को सुबह 4 बजे कपिल की पत्नी कनिका के साथ इनोवा में पंजाब के लिए निकले थे। गाडी वीरेंद्र ही चला रहा था। अंबाला के देवीनगर टोल टैक्स पर पहुंचे, तो पता चला कि फास्ट्रेग में पैसे खत्म है, टोल कर्मियों ने आग्रह किया कि पेटीएम से पैसे ले लें लेकिन उन्होंने पैसे नगद चुकाने को कहा। कुछ देर की बहस में टोल लेन में वाहनों की कतार लग गई थी। इस पर टोल कर्मियों ने वीरेंद्र का मोबाइल फोन अपने पास रख लिया था और कहा कि गाड़ी को आगे जाकर लगा ले और टोल की पर्ची कटवा ले। वीरेंद्र इनोवा को साइड पर खड़ा करके जैसे ही पर्ची कटवाने आया, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। वीरेंद्र को सरकारी एस्कार्ट में बिठाकर अंबाला के सिविल अस्पताल लेकर गया, जहां से चंडीगढ़ सेक्टर 32 में रेफर कर दिया गया। कपिल की शिकायत पर ट्रक चालक को अमृतसर निवासी जसपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। सीसीटीवी के लिए एसएचओ ने टोल प्लाजा वालों को 72 घंटे का नोटिस दिया है।

## खबर एक्सप्रेस

### स्नैचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला सिटी।** थाना बराड़ा क्षेत्र सरकारी स्कूल बराड़ा के पास हुई स्नैचिंग के मामले में शनिवार पुलिस ने आरोपी योगेश व गौत्तम निवासी गांव सुभरी थाना बराड़ा जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया। आरोपियों का न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का रिमांड मंजूर हुआ। शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने शनिवार 19 फरवरी 2022 को थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 फरवरी 2022 को मोटरसाईकिल सवार अज्ञात ने सरकारी स्कूल बराड़ा के पास से उसका पर्स छीन लिया है। पुलिस ने आरोपी योगेश व गौत्तम निवासी गांव सुभरी थाना बराड़ा को गिरफ्तार किया।

### दहेज उत्पीड़न के दो मामले दर्ज

**अंबाला सिटी।** थाना साहा में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने शनिवार शिकायत दर्ज करवाई है कि 26 मई 2021 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में महिला पुलिस थाना अम्बाला में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने शनिवार शिकायत दर्ज करवाई है कि 9 दिसम्बर 2020 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना मुलाना में दर्ज आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में गत दिवस पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ओम प्रकाश निवासी गांव गगनहेड़ी थाना मुलाना को गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया। शिकायतकर्ता नरेश कुमार निवासी गांव अटवान थाना शाहबाद जिला कुरूक्षेत्र ने 2 फरवरी 2022 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ओम प्रकाश निवासी गांव गगनहेड़ी थाना मुलाना व आरोपित महिला ने उसकी बहन को परेशान किया जिससे उसने 2 जनवरी 2022 को जहरीला पदार्थ खाकर जीवनलीला समाप्त कर ली।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज

**अंबाला सिटी।** थाना शहजादपुर में शिकायतकर्ता नेत्र सिंह निवासी नाबा साहिब ने शनिवार शिकायत दर्ज करवाई है कि 18 फरवरी 2022 को आरोपी अज्ञात मोटरसाईकिल चालक ने लापरवाही व तेज गति से मोटरसाईकिल चलाते हुए गुरजन्ट सिहँ की मोटरसाईकिल को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



योगाशाला में योगा करते हुए लोग।

# आजादी का महोत्सव पर्व के तहत सूर्य नमस्कार का किया आयोजन

**अंबाला।** आयुष योगशाला अंबाला छावनी में आज किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लगभग 350 लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधान रजिंदर विज ने लोगों को सूर्य नमस्कार का महत्व बताया। योगा फेडरेशन के प्रधान राजेंद्र विज ने बताया कि आजादी का महोत्सव पर्व के तहत सूर्य नमस्कार का आयोजन पूरे देश में सभी योगा प्रेमियों द्वारा किया जा रहा है और इसी के तहत आज आयुष योगशाला अंबाला में आज किया गया। जिसमें अंबाला के लगभग 350 लोगों ने आज इस में भाग लिया।

प्रधान राजेंद्र विज ने बताया कि सरकार द्वारा करोना काल में जारी की गई सारी हिदायतें को अब वापस ले लिया गया है। इसी के चलते अंबाला छावनी में सभी जगह जहां योग कक्षाएं पूर्ण रूप से शुरू कर दी गई है। सभी योग कक्षाएं अपने पुराने टाइम टेबल के हिसाब से चलेंगी। इस मौके पर योगा फेडरेशन के पैटर्न देवानंद, वर्किंग प्रेसिडेंट डा. गुरदेव सिंह, सेक्रेटरी नरेश भारद्वाज, आगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री सुनीता अरोड़ा, कमलजीत कौर, कैशियर पवन कोहली, पंकज बख्शी, लोकेश, विनय मेहता, कंचन हीरा, योगाचार्य नीरू अग्रवाल, शंकर, अंकुश व भारत भूषण मौजूद थे।

## अध्यापिका के निधन पर शिक्षक वर्ग ने दी श्रद्धांजलि

**बराड़ा।** बीते दिवस शनिवार को गांव मनका-मनकी के पास एचटूओ फन वाटर पार्क में झुले से गिरने के कारण जय पब्लिक स्कूल की अध्यापिका रिया गर्ग के देहांत होने के बाद क्षेत्र के शिक्षक वर्ग में शोक की लहर है। टीचर रिया गर्ग की मृत्यु की खबर जिसने भी सुनी वह उनके घर की ओर दौड़ पड़ा। मृतका का देर शाम उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार हुआ। जिसमें स्कूल प्रबधन, क्षेत्र के शिक्षकों व अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

वहीं जय पब्लिक स्कूल अधोई में रविवार सुबह 10 बजे एक शोक सभा रखी गयी जिसमे सभी स्टाफ सदस्यों और स्कूल प्रबंधक समिति के विक्रम जोहर, विवेक जोहर, डॉ अरुण कपिल व बलजिंदर दलोहर ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विक्रम जोहर ने कहा कि रिया गर्ग ने 2 महीने पहले ही स्कूल में ज्वाईन किया था। वह एक कर्मठ व मेहनती अध्यापिका थी। उन्होंने कहा कि ऐसी कर्मठ अध्यापिका सदैव हमारे दिलों में रहेगी और उनके शोक में स्कूल का तीन दिन का अवकाश घोषित किया गया।

# गांव के व्यक्ति से परेशान होकर महिला ने की आत्महत्या आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी के तहत केस दर्ज



मृतक पूजा के स्वजन रोष व्यक्त करते हुए।

**असंध।** गांव मूण्ड में एक महिला पूजा (27 ) ने गांव के ही एक व्यक्ति से तंग आकर जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने मोके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने परीजनों की शिकायत पर आरोपी काला के खिलाफ प्रताड़ित करने और हत्या के लिए मजबूर करने सहित एसएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक पूजा के जेठ किताब सिंह ने बताया कि गांव का काला सिंह पूजा का पीछा किया करता था। उसको गली में रोकर प्रताड़ित किया करता था। कभी बच्चों से जातिसूचक शब्द कहलवाता था। इसको लेकर कई बार गांव में पंचायत भी हुई। जिसमे बड़े बुजुर्गो द्वारा समझौता करवा दिया गया। किताब सिंह ने आरोप लगाया कि इसके बाद भी आरोपित लगातार गली में उसको रोकता था। जिससे तंग आकर पूजा ने आत्महत्या कर ली है।

मृतक पूजा के भाई आंनद ने बताया कि उसका जीजा कुलबीर मेहनत मजदूरी का काम करता है। पूजा किसी भी काम के लिए घर से बाहर निकलती थी तो आरोपी काला पीछे से उसकी बहन को परेशान करता था। जिससे तंग आकर 17 फरवरी को उसकी बहन ने जहर निगल लिया। जिसके बाद पूजा को असंध के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए महिला को कैथल रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। आंनद ने बताया कि तीन साल पहले भी एक बाद जहर निगल लिया था। लेकिन उस समय उसकी जान बच गई थी।

थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी कला के खिलाफ एसएससी एक्ट, प्रताड़ित करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जायेगा। कोई भी अपराधी नहीं बच सकता।

## मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आज समाज नेटवर्क

**अंबाला सिटी।** थाना शहजादपुर क्षेत्र गांव मंगलौर में हुई मारपीट के मामले में गत दिवस पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी कीमती सिंह व कमल सिंह निवासी गांव खेड़की मानकपुर जिला अम्बाला को किया गिरफ्तार। आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया। शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने शनिवार 12 फरवरी 2022 को थाना शहजादपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 फरवरी 2022 की रात्रि को आरोपी सौदागर, महिन्द्र, रोबिन, राहुल, कीमती, कमल, विजय, गुरमीत, साहिल, रोहित व जगदीश ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट करते हुए अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी कीमती सिंह व कमल सिंह निवासी गांव खेड़की मानकपुर जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया।

# कैंप में चेकअप करवाने आए मरीजों को इम्यूनिटी बुस्टर पैक बांटे

आज समाज नेटवर्क

**बराड़ा।** गुरु रविदास मंदिर रामपुर में भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति व कपिल आई अस्पताल की ओर से आंखों का निशुल्क कैंप लगाया गया जिसमें 280 मरीजों की आंखों का चैकअप कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। कैंप की अध्यक्षता सरपंच सतीश कुमार ने की। कैंप में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा ने शिरक्त की। इस कैंप में सेवा सेवा ट्रस्ट यू के (इंडिया) की ओर से मरीजों व डाक्टरों की टीम को डाबर एम्यूनिटी बूस्टर गिफ्ट बांटे गए।

ट्रस्ट के सदस्य पवन पराशर ने कहा कि उनकी संस्था बच्चो की पढाई व करियर चुनने में हर संभव मदद देती है। इस अवसर पर नम्बरदार वीरेंदर सिंह, संजीव पंजलासा, शैलेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, प्रदीप कुमार संगठन सचिव, अजय कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



मरीजों को इम्यूनिटी बूस्टर पैक देते हुए संस्था के सदस्य।

कार्यक्रम

## अबकी बार फिर 26 को धूमधाम से निकलेगी भोले बाबा की बारात

# मंदिर से होगी बारात प्रस्थान, कुटिया में होगा शिव विवाह

- 25 को भजन संध्या, हल्दी, मेहंदी, आरती का दु:खभंजन मंदिर में होगा आयोजन, शहरभर में होगा बारात का स्वागत

डॉ. राजेश वधवा

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 26 फरवरी को उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर मेरे भोले की बारात निकाली जाएगी। इसी उपलक्ष्य में रविवार शाम जयराम विद्यापीठ परिसर में शिवरात्रि सेवा मंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई गई।

मंडल सदस्य रोहित शर्मा, मनोज परूथी ने बताया कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में उज्जैन की तर्ज पर चौथी बार भव्य ढंग से मेरे भोले की बारात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिवरात्रि सेवा मंडल एवं श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा आयोजित इस 2 दिवसीय कार्यक्रम में 25 फरवरी को दुखभंजन महादेव मंदिर में शाम 3.30 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जो देर शाम तक जारी रहेगी। इसी दौरान शाम 4 बजे हल्दी कार्यक्रम आयोजित होगा।

मंदिर परिसर में ही शाम 6बजे मेहंदी कार्यक्रम आयोजित होगा। शाम 7बजे आरती आयोजित होगी। मंडल सदस्यों ने बताया कि शिवरात्रि सेवा मंडल द्वारा वर्ष 2019 में महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भी महा शिवरात्रि के उपलक्ष पर मेरे भोले की बारात की शुरूआत की गई थी। इस वर्ष चौथी बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मंडल के सदस्यों ने बताया कि बीते 3 वर्षो से उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर मेरे भोलेनाथ जी बारात आयोजित हो रही है। भोलेनाथ की बारात कार्यक्रम में शिव भक्त पूरे विधि-विधान श्रद्धा और आस्था के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने बताया की शनिवार 26 फरवरी को दुखभंजन मंदिर में सुबह 9 बजे बाबा पंचामृत स्नान करने उपरांत प्रातः 10.30बजे मंदिर परिसर से रवाना होगी। ये बारात गुरुद्वारा चौक, अंबेडकर चौंक, सीकरी चौंक, पुराना बाजार, सब्जी मंडी, रोटरी चौंक, पुराना बस स्टेंड, सेक्टर-17, रेलवे रोड, न्यू कालोनी, अमीन रोड से होती हुई राजेन्द्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया में पहुंचेगी जहां दोपहर 3बजे के करीब बीते वर्षो की तरह भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सम्पन्न होगा। यहीं से शाम लगभग 5 बजे डोली दुखभंजन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। मंदिर में शाम साढ़े 6 बजेके करीब भव्य आरती का आयोजन होगा। इसके उपरांत रात्रि 8बजे के करीब अमृतमयी भंडारा आयोजित किया जाएगा। बारात की भाजी भी शिव भक्तों में वितरित की जाएगी। बैठक में मंडल सदस्य पंकज चौधरी, बृजेश किंगर, विकास आनंद, मदन पाहवा, नरेन्द्र शर्मा, विवेक भारद्वाज डब्बू, यशपाल राणा, बंटी अरोड़ा, चंदन अरोड़ा, धर्मबीर, वैभव गर्ग, गौरव, अनमोल, भीम तुरान, सुधीर सहगल, संदीप सिंगला, धर्मबीर चौधरी, चिराग, नमन, रविन्द्र, योगेश, दीपक आदि शामिल हुए।



मेरे भोले की बारात की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते शिवरात्रि सेवा मंडल के सदस्य।

### बारात के ये होंगे विशेष आकर्षण

मेरे भोले की बारात में बाबा बफार्नी के दर्शन, अघोरी नृत्य, राम जी की सेना का मनमोहक दृश्य, काली नृत्य, वायुयान द्वारा पुष्प वर्षा, रंगीन आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

खबर एक्सप्रेस

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व पूर्व राज्यमंत्री कांबोज का जन्मदिन मनाया



**रादौर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहर में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कंबोज का मुंह मीठा करवाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर हैप्पी खेड़ी ने कहा कि कर्णदेव कांबोज भाजपा पार्टी के कर्मठ नेता है। इस अवसर पर कर्णदेव कांबोज ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हल्के के लोगों की समस्याओं को दूर करना है। हल्के में विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। भाजपा पार्टी के समय में ही रादौर हल्के के लोगों की समस्याओं का समाधान हो पाया है। उन्होंने कहा कि हल्के की टूटी सड़कों के मुद्दे को लेकर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा की है। जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वे हल्के द्वारा उठाई गई हल्के की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ग्रांट राशि मंजूर करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, सतीश सैनी, संदीप सैनी, एमसी भगवत दयाल कटारिया, मुकेश अरोड़ा मक्खी, विक्रम वाल्मीकि, महेंद्र चानना, योगराज कांबोज, जगन चौहान आदि मौजूद थे।

## एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया



**रादौर।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया। शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत अध्यापक मास्टर गुरुचरण सिंह के व्याख्यान से किया गया। जिसमें मास्टर गुरचरण सिंह ने स्वयंसेवकों को अपने जीवन के अनुभवों से अवगत करवाया। उन्होंने ज्ञान, ध्यान व श्रम के बारे में विद्यार्थियों से खुलकर चर्चा की। प्रिंसिपल देवेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी सरिता कांबोज व राजकुमार सैनी की देखरेख में विद्यार्थियों ने फर्स्ट एड के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महकार सिंह, पवन कुमार, प्रवेश रानी, रश्मि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बिजली मंत्री ने किसानों की समस्या को दूर करने का दिया आश्वासन: सुभाष गुर्जर



**जठलाना।** किसानों की बिजली के बिलों की समस्या और बिजली बिलों पर सरचार्ज की माफी के लिए और टयूबवैलों के लंबित पड़े कनेक्शनों के लिए सरकार से जल्द कार्रवाई करने की मांग रखी। भारतीय किसान यूनियन के जिला के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने दिल्ली हरियाणा भवन में बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात की और उन्होंने यमुनानगर जिले की बिजली समस्या भारी भरकम बिलों पर सरचार्ज माफ करवाने तथा लंबित पड़े ट्यूबवेलों के कनेक्शनों के बारे में तथा अन्य मुद्दों को लेकर विशेष बातचीत की। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने किसान नेता से आश्वासन दिलाया और कहा कि बिजली विभाग की जो भी समस्याएं किसानों के साथ जुड़ी हुई है उनको प्राथमिकता से हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को भी इस बात का निर्देश दिया कर दिया है कि किसानों की बिजली की हर समस्या को प्राथमिकता से सुलझाएं। उन्होंने कहा कि इसके इलावा जो भी किसानों की समस्याएं हैं।उसका विस्तार से चर्चा करने के लिए किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल को चंडीगढ़ में मिलने का भी न्योता दिया। बिजली मंत्री ने कहा कि वह किसानों की हर बात को बारीकी से जानते हैं। और किसान को हर मुद्दे को लेकर प्राथमिकता दी जाएगी।

## दिग्विजय चौटाला प्रदेश के युवाओं की आन, बान और शान: शुभम गुप्ता

**कैथल।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का जन्मदिन इनसो कैथल ने पौधारोपण करके मनाया। इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता व अल्पसंख्यक सेल के जिलाध्यक्ष बलविंदर जसवंती ने नेतृव में पौधरोपण किया। शुभम ने कहा कि, इनसो राजनीतिक दल के साथ एक सामाजिक संस्था भी है, जो सदैव समाजहित के साथ छात्र हित के कार्यों में नि:स्वार्थ भाव से आगे आकर समाजसेवा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि, दिग्विजय चौटाला ने छात्रों की मांगों को लेकर समय समय पर अनेकों लड़ाईयां छात्रों के लिए लड़ी हैं। शुभम ने कहा कि, जजपा पार्टी की छात्र इकाई इनसो लगातार छात्र हित में अनेकों कार्य कर रही है। जिसका लाभ प्रदेशभर के छात्रों को सीधे तौर पर मिल रहा है। शुभम ने जननायक जनता पार्टी द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने को लेकर किए गए चुनावी वायदा पूरा होने को लेकर कहा कि, हरियाणा के युवाओं को बराबर रोजगार का अधिकार दिलाने की दिशा में 75 फीसदी प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण कानून युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। जिसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ हरियाणा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की युवा हितैषी सोच को जाता है। क्योंकि जजपा पार्टी युवाओं की पार्टी है और युवाओं के हक अधिकार जजपा पार्टी में ही सुरक्षित हैं। इस कानून के लागू होने से हरियाणा प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इससे न केवल हरियाणा प्रदेश के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे साथ ही उनके बेहतर भविष्य का सपना भी साकार होगा। राजनीति में निर्णय लेने की क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच बड़ी महत्वपूर्ण होती है, यह दोनों गुण उप मुख्यमंत्री चौ. दुष्यंत चौटाला में देखने को मिलते हैं। जो नि:स्वार्थ दिन रात प्रदेश की जनता के साथ युवाओं के हितों के लिए कार्य कर रहे है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक सेल के जिलाअध्यक्ष बलविंदर जसवंती, रवि जुलानीखेड़ा, प्रिंस नैना, आशीष नैना, अरुण नैना आदि उपस्थित रहे।



## आंदोलन दबाने से नहीं सुनवाई करने से होते हैं हल: रामपाल माजरा

**कैथल।** पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि, आंदोलन दबाने से नहीं बल्कि आंदोलनरत लोगों से बातचीत करने से हल होते हैं। मौजूदा भाजपा सरकार आंदोलनों को दबाने की रणनीति लेकर चल रही है। जिस कारण प्रदेश में चारों ओर असंतोष फैला हुआ है। अपने आवास पर कार्यकताओं के साथ बैठक में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि, प्रदेश की 20 हजार से अधिक बेटियां सडकों पर हैं। आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स हड़ताल कर रही हैं। सरकार उनकी समस्याएं सुनने की बजाए उन्हें बर्खास्त कर रही है। जो गलत है। सरकार में शामिल लोगों को सत्ता का इतना घमंड हो गया है कि, उन्हें जनता की दुख तकलीफें नजर नहीं आ रही हैं। यही कारण है कि, तीन माह से भी अधिक समय से बीस हजार से प्रदेश की बेटियां सडकों पर हैं। सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही। अंबाला में गृह मंत्री के आवास पर मिलने के लिए महिलाएं हजारों की संख्या में पहुंचीं, लेकिन गृह मंत्री से मिलाने की बजाए पुलिस उन्हें बसों में भरकर गिरफ्तार कर रही है। चाहे कोई भी आंदोलन हो, फिजिकल एजूकेशन के अध्यापकों का आंदोलन हो, किसान आंदोलन हो या कोई अन्य बड़ा आंदोलन, सभी में लोग सडकों पर उतर कर थक हार गए। लेकिन सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही। सरकार का काम जनकल्याण का है। सरकार तानाशाही रवैये पर उतर आई है। सत्ता में बैठे लोगों को राजधर्म का पालन करना चाहिए। पहले ही प्रदेश में बेरोजगारी नंबर वन स्थिति में है। ऐसे में जो बेटियां थोड़ी बहुत राशि लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में मेहनत कर रही हैं, सरकार उन बेटियों से उनका हक न छीने और उनकी सुनवाई करे। अन्यथा पूरे प्रदेश में जनता सडकों पर आ जाएगी। माजरा ने कहा कि, पटवारियों को बेवजह निशाना बनाकर इस घोटाले में सबसे टॉप के लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन निचले स्तर के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करके सरकार के नेता अपने दामन पर लगे घोटाले के दाग को साफ नहीं कर सकते।



समागम में शिक्षा मंत्री कंवरपाल व सांसद रतनलाल कटारिया ने 11-11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की

# विशाल संत समागम में उमड़ी लाखों की भीड़ भव्य सुंदर झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

प्रभजीत सिंह लक्की

**यमुनानगर।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी का 645 वा प्रकाशोत्सव श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी कपाल मोचन में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबाला लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया मौजूद रहे। विशाल संत समागम में गांव गुलाब नगर, जगाधरी,सढौरा, दोसड़का,लेदी सहित जिला यमुनानगर के गांव गांव से व अन्य जिलो से व दूसरे प्रदेशो से सुंदर सुंदर झांकियों में अमृतवाणी का पाठ करते हुए व कीर्तन करते हुए साध संगत श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास में पहुंची। विशाल संत समागम में पहुंचने पर गुरु संत श्री निर्मल दास जी महाराज ने शिक्षा मंत्री कंवरपाल, पूर्व केंद्र मंत्री रतनलाल कटारिया, भाजपा नेता दाताराम, भाजपा नेता सोमप्रकाश नम्बरदार ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ,जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट को सिरोपा भेंट करके सम्मानित किया। गुरू संत निर्मल दास महाराज ने अपने सम्बोधन में बताया कि श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी अब तक आंखों के अनेको निशुल्क शिविर आयोजित कर चुका है। यहां छात्रावास में रहकर सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां पर 24 घंटे निशुल्क गुरु का लंगर चलाया जा रहा है। यहां अनेकों प्रकार के धार्मिक व सामाजिक कार्य भी सफलतापूर्वक आयोजित किए जाते हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिकता व प्रेम,सौहार्द का वातावरण पनप रहा है। डेरा आगे भी इसी प्रकार के धार्मिक सामाजिक कार्य बढ़ चढ़कर कार्य करता रहेगा। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की वाणी हम सब के लिए अमृत के समान है ,उनके बताए गए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही मानवता का भला हो सकता है। हम सबको संत गुरु रविदास जी की शिक्षाएं अपने जीवन में धारण करनी चाहिए और उन पर चलने का प्रयास करना चाहिए और इसके साथ-साथ जो सक्षम लोग हैं। उन्हें कमजोर व्यक्तियों को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए जब कमजोर व्यक्ति आगे बढ़ेगा तभी समाज का सही मायने में उद्धार होगा ।शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी में विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की कि व कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा जो भी विकास कार्य बताए जाएंगें वह कार्य प्राथमिकता के आधार पर होंगें। पूर्व केंद्रीय मंत्री व अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि उनके राजनीतिक जीवन पर संत श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी की विशेष कृपा रही है। उनका सानिध्य उनका आशीर्वाद स्नेह हमेशा से प्राप्त रहा है आज मैं जो कुछ भी है उनके आशीर्वाद की बदौलत ही हूँ। अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने कहा कि वह बचपन से ही संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज के भजन स्मरण किया करते थे।



समागम में मुख्यातिथि कंवरपाल गुर्जर को सम्मानित करते आयोजक।

गुरू जी के विचारों के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा रही है, आज विशाल संत समागम में सम्मानित होकर वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आम आदमी आज इस ऊंचाई पर जो पहुंचा है। वह सब संत शिरोमणि गुरू श्री रविदास जी के आशीर्वाद की बदौलत ही है। सांसद कटारिया ने कहा कि वह श्री गुरू रविदास मंदिर को विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा करते हैं। उसके साथ-साथ अम्बाला सांसद रतन लाल कटारिया ने श्री गुरु रविदास मंदिर प्रबंधक समिति को कहा कि वह अन्य विकास कार्यो के लिए भी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाए चाहे उसमें कितना ही रूपया क्यों न लग जाए ,वह केंद्र में आपके क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं। यहां से विकास कार्यों की प्रोजेक्ट फाइल बनेगी वह उसको पूरा करवाने के लिए पूरा प्रयत्न करेंगे चाहे कितना ही बड़ा प्रोजेक्ट क्यों ना हो वह उस प्रोजेक्ट को पास कराने की पूरी कोशिश करेंगे। सांसद रतनलाल कटारिया ने एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मसिंह मटटू,वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, समाजसेवी गौतम गर्ग, भाजपा नेता सुनील तेलीपुरा को सिरोपा भेंटकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान आदरणीय संत निर्मल दास जी महाराज, डीएसपी यमुनानगर सुभाष ,भाजपा नेता दाता राम, जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट,वरिष्ठ समाजसेवी सोमप्रकाश नम्बरदार, अमरनाथ ग्यासड़ा,इंदर राज, जसबीर सिंह, अनिल अग्रवाल, धर्मसिंह मटटू, गौतम गर्ग, सुनील तेलीपुरा, सुरेश यादव, सुमित बख्शी, दीपक छाबड़ा, अशवनी मंगला, सुमित दुआ, मनोज शर्मा, जसबीर सिंह,नरेश पाल, विपिन सिंगला, चंद्रमोहन कटारिया, रमेश चंद, मोहिंद्र नागरा, रामचंद, रामकिशन, ताराचंद, ओम प्रकाश नंबरदार, मंगत, करमचंद, सुरजीत, जगदीश मेहरामपुर, फुलचंद गुलाब नगर, इंदरराज, कपिल मनीष गर्ग आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

## हरियाणा बार्डर से लगते नाकों का पुलिस अधीक्षक कैथल ने किया औचक निरीक्षण

- पंजाब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला कैथल में पंजाब बॉर्डर से लगते कुल सात अंतरराज्यीय नाके स्थापित

मनोज वर्मा

**कैथल।** पुलिस पीआरओ प्रदीप नैन ने बताया कि, 20 फरवरी को पंजाब राज्य में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। जिसको लेकर कैथल पुलिस अलर्ट मोड पर है। जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक कैथल मकसूद अहमद ने डीएसपी गुहला किशोरीलाल के साथ रविवार को हरियाणा पंजाब सीमाओं पर लगे नाकों का औचक निरिक्षण किया। कैथल पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टी से कुल 7 सात अन्तर्राज्यीय नाके स्थापित किए हुए है। जिनमें थाना गुहला के अंतर्गत नाका चीचड थेह मोड, भाटिया बांध कसौर, नाका आजीमगढ व थाना चीका के अंतर्गत नाका टटियाना, नाका उपली मोड हरनौली, नाका कमेडी मोड तथा इसके अलावा थाना सदर के अंतर्गत संगतपुरा नाकाबंदी की जा रही है। पंजाब बॉर्डर से लगते सातो अन्तर्राज्यीय नाकों से तीन किलोमीटर की परिधि तक शराब ठेका 21फरवरी सुबह तक पूर्णतया बंद रहने के प्रशासनिक आदेशों के पूर्ण पालना करवाई जा रही है। सभी सम्बंधित एसएचओ को सख्त आदेश दिए गए है कि, अगर कोई ठेका खुला मिले तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जावे। किसी भी व्हीकल को बिना चैकिंग के नहीं जाने दिया जा रहा।

पजांब चुनाव के मद्देनजर कैथल पुलिस द्वारा पजांब हरियाणा सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त फोर्स लगा कर नाकाबंदी की जा रही है। रविवार के दिन गुहला डिविजन के सभी थाना व चौकी प्रभारी किसी भी असामाजिक गतिविधि रोकने के लिए पजांब से लगते क्षेत्र में अतिरिक्त फोर्स के साथ हथियार व आवश्यक तकनीकी उपकरणों के साथ पैट्रोलिंग पर रहे। एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि, डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 12 मार्च 2022 को न्यायिक परिसर यमुनानगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायधीश दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत विभिन्न न्यायालयों में लम्बित केसों का दोनों पक्षों की आम सहमति से निपटान किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट दुष्यंत चौधरी ने बताया कि इस राष्ट्द्रीय लोक अदालत में अपराधिक, चैक बाऊंस, बैंक रिकवरी, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल, वैवाहिक विवाद, श्रम सम्बंधी मामले, भूमि अधिग्रहण, बिजली और पेयजल के बिलों से सम्बंधित, सेवा सम्बंधी मामले, राजस्व मामलों से जुड़े केस और सिविल मामलों क ा निपटान किया जाएगा। उन्होने जिला के ऐसे सभी व्यक्तियों जिनके केस विभिन्न अदालतों में लम्बित है या उपरोक्त सेवाओं व विषयों से सम्बंधित केस लम्बित है वे इनका निपटान राष्ट्रीय लोक अदालत मे करवा सकते हैं।

## राजनीतिक आकाओं नहीं जनता का साथ जरूरी: विक्की शर्मा

नरेश भारद्वाज

**कैथल।** रविवार को चंदाना गेट के सैनी भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरमैन प्रत्याशी कमलेश रानी व ब्राह्मण सभा के प्रधान विक्की शर्मा के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने कमलेश रानी व विक्की शर्मा का स्वागत किया। विक्की शर्मा ने कहा कि नगर परिषद के चेयरमैन का चुनाव भाईचारे का चुनाव है। उन्होंने अपील की कि नगर परिषद के चुनाव में बिना जाति और धर्म के लोग योग्य उम्मीदवार को ही वोट दें। उन्होंने शहर के लोगों की सेवा करने के लिए मैदान में आने का निश्चय किया है। कैथल शहर का विकास ही उनका मुख्य उद्देश्य है वे इसी उद्देश्य को लेकर चल रहे हैं। कमलेश रानी ने कहा कि स्थानीय राजनीति में महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए वे आगे आई हैं महिलाओं की तकलीफों और समस्याओं से भी भलीभांति परिचित हैं जिन्हें दूर करने के लिए वे लगातार काम कर रही हैं और अगर उन्हें सेवा का मौका मिला तो वे महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी उन्होंने शहर के हर वार्ड का दौरा शुरू कर रखा है स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं ताकि समय आने पर इन समस्याओं का निराकरण किया जा सके उन्होंने कार्यक्रम का आयोजन करने पर वार्ड 29 के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दूसरे लोग तो अभी राजनीतिक आकाओं की हाजिरी में लगे हुए हैं। उनका आशीर्वाद होगा तो वह खुलकर कुछ बोल पाएंगे खुलकर मैदान में आ पाएंगे। लेकिन उनके साथ शहर की जनता है। उन्हें किसी बड़े राजनीतिक आका की जरूरत नहीं है। वे अपने साथियों के सहयोग से लगातार अपना कैंपेन चला रही है। इस मौके पर



विक्की शर्मा का स्वागत करते चंदाना गेट के युवा साथी।

इस मौके पर रोशन लाल सैनी, पिरथी राम सैनी, फूला राम सैनी, शेर सिंह सैनी, बलबीर सैनी, रमेश सैनी सजूमा, सुरेश सैनी, श्याम लाल सैनी, शीशपाल सैनी, अभिजीत जोशी, बालकिशन रबारी, नीना शर्मा, प्रेमी रिशाल सिंह, प्रेमी दलशेर जी, प्रेमी ओमप्रकाश जी, सुभाष शर्मा, सुल्तान उझाना व प्रवेश शर्मा मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कहने की बजाए काम करने में विश्वास रखते है: प्रो. रणधीर सिंह

**गुहला-चीका।** जननायक जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी प्रो. रणधीर ङ्क्षसह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 75 प्रतिशत आरक्षण अधिनियम से स्टे हटाकर दूरदर्शी उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के फैसले को सही ठहराने पर हरियाणा के युवाओं को बधाईयां दी व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला हरियाणा के बेरोजगार युवाओं के लिए एक खुशी का पल लेकर आया है। प्रो. रणधीर सिंह ने कहा कि हरियाणा के राज्यपाल ने 6 नवंबर 2021 को 75 प्रतिशत स्थानीय रोजगार कानून अधिसूचित कर दिया था।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रो. रणधीर सिंह।

इस असंभव कार्य को पूरा करने में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपनी पुरी ताकत लगा दी तथा हरियाणा में लगे हुए उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार पाने का सपना सचाई में तबदील करने पर युवाओं के दिलों की धड़कन उप-मुख्यमंत्री का सहर्ष धन्यवाद करते है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के संपूर्ण होने पर हरियाणा का बेरोजगार युवा अब रोजगार मिलने के सपने को हकीकत में होते हुए देख रहा है और युवा एक बार फिर अपना भविष्य सम्मानिय उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला में देखने लगा है। इस कानून को प्रदेश के युवाओं को तोहफा बताते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि राज्य सरकार का यह कदम युवाओं के लिए सुनहरा भविष्य लेकर आएगा।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री चौटाला कहने की बजाए काम करने में विश्वास रखते है और उनके द्वारा बनाए गए बेहतर रोडमैप में हरियाणा के चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है और नए-नए जनहित कीर्तिमान स्थापित हो रहे है। प्रो. रणधीर सिंह ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में लागू किया गया 75 प्रतिशत आरक्षण कानून हरियाणा के शिक्षित युवाओं के लिए वरदान है और इस कानून पर गठबंधन सरकार कभी आंच नहीं आने देगी। दुष्यंत चौटाला पूरी ईमानदारी व निष्ठा से युवाओं के हकों की पैरवी कर रहे है जिसके चलते दुष्यंत चौटाला हरियाणा प्रदेश के युवाओं के दिलों की धड़कन बन चुके है।

## 25 को किसान यूनियन करेंगी प्रदर्शन

**गुहला चीका।** अखिल भारतीय किसान सभा ब्लाक गुहला की मीटिंग नानक सिंह की अध्यक्षता में ताऊ देवीलाल पार्क चीका में हुई। बैठक का संचालन किसान सभा के जिला सचिव करतार सिंह ने किया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि हल्का गुहला की टूटी फूटी सड़को को बनाने व गांव खुशहाल माजरा के आस पास के क्षेत्र में सैलरों द्वारा छोड़े गए दूषित जल से जलभराव का समाधान निकालने की मांग को लेकर 25 फरवरी को उपमंडल कार्यालय गुहला पर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए नानक सिंह, करतार सिंह, सतपाल सिंह, जसपाल सिंह,अजैब सिंह, सोमनाथ, ने बताया हल्का गुहला क्षेत्र में गाँवो को जोड़ने वाली सभी सड़को की हालत खस्ता हो चुकी है,चीका शहर का सम्पर्क चारों तरफ से टूट चुका है, चीका शहर एक टापू बनकर रह गया है।उन्होंने कहा चीका से कैथळ रोड़, चीका से पेहवा रोड़, खरका रोड़, चीका से खरोदी रोड़, पटियाला रोड़ से खुशहाल माजरा रोड़, पेहवा रोड़ से बाउपुर रोड़, गड़ीनजीर, अजीमगढ़ समाना रोड़ पर बड़े बड़े गड्ढे बने हुए। लेकिन भाजपा जजपा सरकार का इन सड़को को बनाने में कोई ध्यान नहीं दे रही है। हल्का गुहला की जनता एस.डी.एम. गुहला को पहले भी चार बार ज्ञापन सौंप कर खस्ताहाल सड़को को बनाने की मांग रख चुकी है ।लेकिन प्रशासन व सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि गुहला हल्का विधायक ईश्वर सिंह, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर व जेजेपी हल्का प्रधान अवतार सिंह सीड़ा मिडिया में बयान देकर केवल वाहवाही बटोरने में लगे हुए है। ये तीनों अपने मुंह मियां मिठ्ठू बन अपनी पीठ थपथपा रहे हैं कि भाजपा जेजेपी की सरकार गुहला हल्के का विकास कर रही है।जबकि वस्तविक्ता इसके बिलकुल उलट है।कागजों मे तो सड़को के निर्माण करने के लिए करोड़ो रुपए की राशि खर्च की जा रही है पर धरातल पर शून्य काम हुआ है। जब से भाजपा जजपा की सयुंक्त सरकार बनी है हल्का गुहला में वास्तव में ढंग से किसी भी सड़क का निर्माण नहीं हुआ है ।जो एक दो सड़को का निर्माण हुआ भी वह भी एक वर्ष में ही फिर से गड्डो में तबदील हो चुकी है।उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण करने में भी भ्रष्टाचार का धंधा फलफुल रहा है। सड़क निर्माण करने में ठेकेदार मिलीभक्त कर घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है, जिसके चलते पांच वर्ष तक चलने वाली सड़क एक वर्ष में ही टूट जाती है। किसान नेताओं ने बताया अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन व सयुंक्त किसान मोर्चा खस्ताहाल सड़को को बनाने की मांग को लेकर गाँवो में प्रचार प्रसार अभियान चलाए हुए है, और 25 फरवरी को एस.डी.एम. कार्यालय गुहला पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।



ताऊ देवीलाल पार्क चीका मे बैठक करते किसान युनियन के सदस्य। आज समाज

## वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक 27 को

**रादौर।** वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन रविवार 27 फरवरी को शाम 6 बजे शहर के रॉयल गार्डन पैलेस में किया जा रहा है। बैठक में शहर के लोगों की मांगों व समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान भगवत दयाल कटारिया करेंगे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मास्टर प्रवेश कुमार व महासचिव मास्टर गुरचरण सिंह ने बताया कि बैठक में शहर की साफ सफाई, टूटी सड़कों, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों, शहर में अतिक्रमण की समस्या व अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी।

## पुलिस कप्तान ने किया पूंडरी चौंकी का निरीक्षण

**पुंडरी।** पुलिस कप्तान मकसूद अहमद ने आज शाम को पूंडरी पुलिस चौंकी का औचक निरीक्षण किया। वे शाम को करीब 5 बजे पूंडरी पुलिस चौंकी पहुंचे और थोड़ी देर रुकने के बाद कैथल के लिए रवाना हो गए। पुलिस कप्तान ने पूंडरी चौंकी की नए भवन का निरीक्षण किया और ये जानकारी ली कि कब तक ये भवन तैयार हो जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कैथल में बतौर पुलिस अधीक्षक पदभार ग्रहण करने के बाद आस-पास के थाने-चौकियों में ये उनका रूटीन निरीक्षण था। इस मौके पर चौंकी प्रभारी तरसेमलाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पूंडरी पुलिस चौंकी का निरीक्षण करने पहुंचे एस.पी.मकसूद अहमद।

## विधायक ने विवाह बंधन में बंधे 11 नव-दंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

आज समाज नेटवर्क

**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि कन्यादान करना सबसे बड़ा महादान है। एक जरूरतमंद व्यक्ति की बेटी की शादी करके बहुत बड़ा पुण्य कमाया जाता है। श्री माता वैष्णो देवी अंतर्राष्ट्रीय ट्रस्ट द्वारा सामुहिक विवाह समारोह करके जरूरतमंदों की बेटियों की शादी का कार्य करना सराहनीय है। हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा टपरिवास समुदाय के परिवारों को लड़की के विवाह के अवसर पर कन्यादान के तौर पर अब 71 हजार रुपये की राशि देने का प्रावधान भी है। विधायक ईश्वर सिंह रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में श्री माता वैष्णो देवी अंतर्राष्ट्रीय ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांचवें सामुहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे। विधायक ने संस्था को 5 लाख रूपए देने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने विवाह बंधन में बंधे 11 नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके नव जीवन सुखमय होने की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवेश में एक-दूसरे की मदद करना हमारी परंपरा में शामिल हैं। समय-समय पर चीका की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं इस तरह के आयोजन करके जरूरतमंदों की मदद करती है, जोकि मानव सेवा का बहुत बड़ा उदाहरण है। हम सभी को अपने आसपास के परिवेश में रहने वाले लोगों की हर संभव मदद करनी चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति को संसाधनों के अभाव में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग को लेकर कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है, जिससे संबंधित वर्ग लाभान्वित हो रहा है।



कन्याओं को आशीर्वाद देते विधायक ईश्वर सिंह व श्री माता वैष्णो देवी अंतर्राष्ट्रीय ट्रस्ट के सदस्य। आज समाज

इस मौके पर समाजसेवी प्रीति पाल गुप्ता दिल्ली भागल वाले ने धर्म के पिता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज सेवा के लिए सदैव आगे आकर कार्य करना चाहिए। जरूरतमंदों की मदद करना परमात्मा की सच्ची अराधना है। इस धरती पर मानव जन्म में आकर मानवता की सेवा करने से आत्मिक संतुष्टिद्द मिलती है। सामुहिक विवाह समारोह में सभी नवदंपत्तियों की शादी पूरी रीति रिवाज से संपन्न करवाई गई तथा आयोजकों द्वारा सभी कन्याओं को जरूरत का उपहार के रूप में सामान भी दिया गया।

इस अवसर पर श्री माता वैष्णो देवी अंतराष्ट्रीय ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश गर्ग ने कहा कि संस्था द्वारा पीड़ित मानवता के सेवार्थ विभिन्न सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं ,इनमें हर साल नववर्ष के मौके पर 9 दिवसीय भंडारा, निशुल्क चिकित्सा कैक्वप व माता की चौंकी लगातार माता वैष्णों के दरबार कटरा में लगाया जा रहा है, मैडिकल कैक्वप, जरूरतमंद विद्यार्थियों को ड्रेस, जुते, स्टेशनरी, विकलांग बच्चों को कृत्रिम अंग, एक बच्चा गोद लेकर जक्वमू में उसे निशुल्क शिक्षा दिलवाना, कोरोना महामारी के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राशन किटे प्रदान करना, समय-समय पर गरीब कन्याओं का विवाह समारोह आयोजन तथा सामाजिक कार्यक्रमों में जिला प्रशासन को सहयोग देना इत्यादि मुक्क्य रूप से शामिल है।

इस अवसर पर प्रीति पाल गुप्ता, संस्था के संस्थापक प्रकाश गर्ग, रविंद्र कंसल, भूपिंद्र बिंदलिश, सतीश गर्ग, साधू राम, सुशील, राम निवास, ईश्वर जिंदल, एडवोकेट रामचन्द्र शर्मा, मांगे राम जिंदल,संजीव जिंदल, परमानंद गोयल के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से प्लास्टिक की दो फैक्ट्रियां जलकर राख

- बिजली ट्रांस्फार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण भड़की आग
- फैक्ट्रियों में रखा था लाखों रुपए की कीमत का कच्चा व तैयार माल

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** नरवाना रोड स्थित पाइप व प्लास्टिक दाना की दो फैक्ट्रियों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड की 10 गाडि?ों ने मौके पर पहुंच स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रविवार को जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये कीमत के पाइप, प्लास्टिक दाना, दोनों फैक्ट्रियों का साजों सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जन हानि नही हुई। दोनों फक्ट्रियों में लगभग 70 लाख रुपए का नुकसान आका जा रहा है।

नरवाना रोड जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर बनी किसान पाइप फैक्ट्री तथा प्लास्टिक फैक्ट्री में बीती रात देर रात ट्रांस्फार्मर में शार्ट सर्किट होने के कारण आग भडक उठी। जिसमें कुछ क्षण में विकराल रूप धारण कर लिया। दोनों फैक्ट्रियों में मौजूद लेबर ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। हालातों के बेकाबू होने पर आग की सूचना पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाडियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

आखिरकार नरवाना तथा उचाना से फायर ब्रिगेड की और गाडियों को बुलाया गया, जो रातभर आग से जूझती रही। प्लास्टिक पाइपों के जलने से उठने वाले धूएं से फायर ब्रिगेडकर्मियों तथा आसपास की बस्तियों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। रविवार सुबह आग पर काबू पाया जा सका। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक दोनों फैक्ट्रियों में तैयार तथा वहां रखा कच्चा माल के साथ-साथ जलकर राख हो चुकी थी।


आग लगने से जली पाइप।

आग के कारण दोनों फैक्ट्रियों में लगे बिजली ट्रांस्फार्मर भी आग की भेंट चढ़ गए। फैक्टरी मालिक गांव काकडोद निवासी रमेश ने बताया कि उसने नरवाना रोड पर किसान पाइप के नाम से फैक्ट्री लगाई हुई है। उसके बगल में गांव खेडी चोपटा निवासी सतीश का प्लास्टिक उद्योग है, जिसमें प्लास्टिक दाना तैयार किया जाता है। प्लास्टिक उद्योग में रखे बिजली ट्रांस्फार्मर में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी कच्चे प्लास्टिक माल पर जा पडी। जिसके बाद आग फैलती चली गई और उसकी पाइप फैक्ट्री तक जा पहुंची। जिसमें फैक्ट्री में रखा तैयार तथा कच्चा माल व मशीनें जलकर राख हो गई। दोनों फैक्ट्रियों में रखे ट्रांस्फार्मर भी पूरी तरह जल गए।

पटियाला चौंक चौंकी प्रभारी रामानंद ने बताया कि फैक्टरी में आग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। जल रहे प्लास्टिक से उठने वाले धूंए और आग की लपटों के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कत का सामना करना पडा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## होमगार्ड जवान ने महिला से की अश्लील हरकत, मामला दर्ज

- पति पर होमगार्ड जवान के साथ मिली भगत करने का आरोप

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव में होमगार्ड जवान द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला का आरोप है कि होमगार्ड जवान ने उसके पति के इशारे पर उसके साथ अशखेल हरकत की। गढी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर होमगार्ड जवान तथा उसके पति के खिलाफ अशखेल हरकत समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गढी थाना इलाका के एक गांव की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एफसीआई नरवाना में डयूटीरत होमगार्ड जवान राजेंद्र गत 16 अक्टूबर को उसके घर आया और उसके साथ अशखेल हरकत की। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति राजेश के इशारे पर होमगार्ड जवान राजेंद्र उसके घर आया था। जब उसने राजेंद्र की हरकत के बारे में पति को बताया तो उसके पति ने चुप रहने के लिए कहा। गढी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर होमगार्ड जवान तथा उसके पति के खिलाफ अशखेल हरकत समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवती का यौन शोषण करने पर एक नामजद

सदर थाना सफीदों इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम को वह अपने चाचा के घर गई हुई थी। जहां पर गांव का ही सुभाष चारपाई पर अर्द्धनग्न हालात में लेटा हुआ था और उसके साथ खडी युवती से अशखेल हरकत कर रहा था। जब उसने सुभाष को टोका तो उसने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

जब उसने युवती से पूछा तो उसने बताया कि सुभाष पिछले एक सप्ताह से उसका यौन शोषण कर रहा है। युवती के साथ की जा रही हरकत के बारे में उसने परिजनों को बताया।

सदर थाना सफीदों पुलिस ने महिला की शिकायत पर सुभाष के खिलाफ यौन शोषण करने, छह पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महेंद्रगढ़ नगर पालिका चुनाव 2022 के लिए वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार

**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़ नगर पालिका चुनाव 2022 के लिए वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार की गई है। इस मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व कटवाने के लिए 24 फरवरी तक दावे व आपत्ति कर सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए एसडीएम महेंद्रगढ़ दिनेश कुमार ने बताया कि सभी वार्ड नंबर (1 से 15) की मतदाता सूची तहसील कार्यालय महेंद्रगढ़ , महेंद्रगढ़ में स्थापित मतदाता सूचना एवं संग्रह केंद्र तथा कार्यालय नगर पालिका महेंद्रगढ़ में स्थापित मतदाता सूचना एवं संग्रह केंद्र में जाकर देख सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 24 फरवरी 2022 (वीरवार) तक दावें व आपत्तियां प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इन पूरक मतदाता सूचियों की प्रतियां निशुल्क उपायुक्त कार्यालय नारनौल, उप मंडल अधिकारी (ना) महेंद्रगढ़ , तहसील कार्यालय महेंद्रगढ़ और सभी स्थापित मतदाता सूचना एवं संग्रह केंद्रो में देखी जा सकती है।

## हवन यज्ञ के साथ ज्ञानकोष ग्लोबल स्कूल में नए सत्र की हुई शुरूआत


हवन यज्ञ में आहुति डालते संस्थान सदस्य।

आज समाज नेटवर्क

**सतनाली।** गांव खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष ग्लोबल संस्था में शनिवार को हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र से दाखिला प्रक्रिया की शुरूआत की गई।

संस्था के सीईओ राकेश कुमार बाल गणेश ने बताया कि संस्था का संचालन इसी सत्र से किया जा रहा है जिसके लिए सभी प्रकार की तैयार पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि एक मार्च से संस्था में एडमिशन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा 1 अप्रैल से बच्चों की कक्षा भी शुरू कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि संस्था के चेयरमैन सुरेश कुमार अग्रवाल जाने माने उद्योगपति है जो गांव गढ़ी से संबंध रखते है। जिन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस संस्था का निर्माण करवाया है। इस अवसर पर संस्था के सीईओ राकेश कुमार, अशोक कुमार, सत्यनारायण, धर्मवीर, सूबे सिंह, श्रीधर शास्त्री, पूर्व सरपंच राजवीर, लीलाराम, नीरज यादव, देवांश यादव, सुलोचना, पूनम, संतोष, सीमा, प्रीति, संगीता, सपना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं उपस्थित रही।

## कैंटर बाइक भिडंत में बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव कंडेला के निकट जींद-कैथल मार्ग पर शनिवार रात बाइक कैंटर से जा टकराई। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस मृतक के पिता की शिकायत पर कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव शाहपुर निवासी संदीप 25 बीती रात सामान्य अस्पताल से बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह गांव कंडेला के निकट से गुजर रहा था तो सामने से लाइट पडने के कारण सडक पर खडे कैंटर को नहीं देख पाया और उसकी बाइक कैंटर से जा टकराई। जिसमें संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सामान्य अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता जयप्रकाश ने पुलिस को बताया कि संदीप को कुत्ते ने काट लिया था। जिसपर वह सामान्य अस्पताल में इजेंक्शन लगवाने आया था। सदर थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत पर फरार कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सोलर पंप के लिए किसानों को करना होगा सिर्फ 25 प्रतिशत भुगतान: मनोज कुमार

- पीएम-कुसुम योजना के तहत किसानों को मिलेगी सब्सिडी
- सामान्य इंवर्टर को सोलर इंवर्टर में बदलने के लिए सब्सिडी देने का प्रावधान

आज समाज नेटवर्क

**जींद।** ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का उपयोग कर कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किसानों को सौर ऊर्जा पंप पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जो राज्य के किसानों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। राज्य सरकार की ओर से किसानों को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान यानी पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंप सेट लगवाने पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिसका किसानों को लाभ लेना चाहिए। उपायुक्त मनोज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को पीएम-कुसुम योजना के तहत सिंचाई कार्य के लिए यह अनूठी पहल की गई है। पानी और बिजली की बचत करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा पारंपरिक ट्यूबवैलों की जगह सोलर पंप सेट और सिंचाई के पुराने पैटर्न की जगह माइक्रो इरीगेशन पर फोक्स किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान यानी पीएम-कुसुम योजना के तहत किसान सिंचाई के लिए 75 प्रतिशत की छूट पर सोलर पंप ले सकते हैं। किसानों को सोलर पंप की कीमत का सिर्फ 25 प्रतिशत ही भुगतान करना होगा। उपायुक्त ने यह भी बताया कि अब किसानों को खेतों में फसलों की सिंचाई करने के लिए बिजली पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और अब खेतों में किसानों की फसलें सौर ऊर्जा चालित पंप से लहलहाएंगी। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा को अपनाने से किसानों का डीजल बचेगा और आय में भी वृद्धि होगी। राज्य सरकार



का प्रदेशभर में 50 हजार पंप सेट लगाने का लक्ष्य है। किसानों को लाभांवित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा माइक्रो इरीगेशन पर भी पूरा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। सामान्य इंवर्टर को सोलर इंवर्टर में बदलने के लिए सब्सिडी देने का प्रावधान अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता ने बताया कि अपने सामान्य इन्वर्टर को सोलर इन्वर्टर में बदलने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने आम नागरिकों से सोलर इन्वर्टर चार्जर लगवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सामान्य इन्वर्टर को सोलर इन्वर्टर में बदलवाने पर हरियाणा सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी।

## हरे पेड़ों की कटाई व मिट्टी उठाने वालों पर होगी कार्रवाई, ग्राम सभा की बैठक में लिया निर्णय

आज समाज नेटवर्क

**सतनाली।** खंड के गांव डिगरोता में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन निवर्तमान सरपंच महिपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम सभा की बैठक में गांव की समस्याओं व मांगों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में गांव की बनी में अवैध रूप से की जा रही हरे पेड़ों की कटाई तथा सड़क मार्ग के साथ हो रहे मिट्टी के उठान के प्रति चिंता व्यक्त की गई। बैठक में गांव में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने व सड़क किनारे से मिट्टी का उठान करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने के लिए एक कमेटी गठित की गई।

ग्रामीणों की सहमति से हवलदार शेर सिंह, किशन सिंह, विक्रम सिंह, पृथ्वी सिंह, मूलचंद, अजीत सिंह को कमेटी में शामिल किया गया।


ग्राम सभा की बैठक में मौजूद डिगरोता के ग्रामीण।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कमेटी के सदस्य गांव की बनी में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई व रोड के साथ मिट्टी उठान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कमेटी को पूर्ण अधिकार दिया गया तथा निर्णय लिया गया कि ऐसा करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी। इस मौके पर निवर्तमान सरपंच महिपाल सिंह, मनोज नंबरदार, सतबीर, रविंद्र, अजीत सिंह, विक्रम, रामकिशन सहित अनेक संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो मंजिल दूर नहीं: कृष्णकांत

अमित वालिया

**लोहारू।** लड़कियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहीं हैं। यह बात आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू में समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर के समापन पर यूको बैंक के प्रबंधक कृष्णकांत व स्थानीय रेडक्रास केंद्र के संचालक अजय जायलवाल ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो मंजिल दूर नहीं होगी। उन्होंने ने छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने बाबत जानकारी विस्तार से प्रदान की। साथ-साथ बैंक द्वारा उपभोक्ताओं के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं पर और उनसे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। रेडक्रास की विभिन्न योजनाओं के बारे में अजय जायलवाल ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वव्यापी रेडक्रास संस्था के परोपकारी कार्यों के बारे में भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की। विकास शिविर के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य दर्शना श्योराण ने भी छात्राओं को जीवन में कोई भी एक कौशल को अपना कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने ने छात्राओं को समय पर अपने जीवन लक्ष्य निर्धारित कर, उसे प्राप्त करने की सलाह दी। समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम के समापन सत्र का मंच संचालन राजनीतिक विज्ञान लेक्चरर श्यामसुंदर सांगवान ने किया। कौशल विकास शिविर संयोजिका संयोजिका प्रवक्ता बबीता सांगवान ने बताया कि पांच दिवसीय कौशल विकास शिविर में विभिन्न विभाग की योजनाओं बारे उनके स्थानीय अधिकारियों व विशेषज्ञों को बुलाकर छात्राओं से रूबरू करवाया गया। इस अवसर पर जिले सिंह, श्यामसुंदर सांगवान, कुसुमलता, शकुंतला मान, प्रतिभा अहलावत, मौलिक


जीवन कौशल विकास शिविर के समापन पर जानकारी देते हरिओम शर्मा।

मुख्याध्यापक रमेश कुमार, विनोद बॉक्सर, बबीता रानी, सविता, सोनिया, आशा, विद्यालय प्रबंधक समिति प्रधान राजवंत बड़सीवाल आदि उपस्थित रहे।

## पशु प्रदर्शनी: पशुपालकों व किसानों की सुविधा के लिए बनाया बसों का रूट चार्ट

- जिला भिवानी से प्रत्येक दिन विभिन्न गांवों से आएंगी 70 बसें

अमित वालिया

**भिवानी।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल के निदेर्शानुसार स्थानीय सेक्टर 13 के सामने 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय पशु-प्रदर्शनी को लेकर पशुपालन विभाग ने बसों का रूट चार्ट तैयार कर दिया है। प्रत्येक बस पर विभाग के वीएस और वीएलडीए की भी ड्यूटी लगा दी है, जो इन बसों में पशु पालकों व किसानों को प्रदर्शनी में लेकर आएंगे ताकि किसान/पशुपालक प्रदर्शनी के माध्यम से पशुपालन और खेती से संबंधित नवीनत्तम जानकारी हासिल कर सकें। भिवानी में आयोजन होने के चलते प्रतिदिन भिवानी से 70 बसें आएंगी। इसके अलावा प्रदेशभर के अन्य जिलों से 80 बसें आएंगी।

उल्लेखनीय है कि भिवानी मुख्यालय पर सेक्टर 13 के सामने 38 वीं प्रदेश स्तरीय पुश-प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी के प्रथम दिन हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय 25 फरवरी को सुबह दस बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन दोपहर के सत्र में 12 बजे पुशपालन मंत्री भारत सरकार पुरुषोत्तम रूपाला मुख्य अतिथि होंगे। 26 फरवरी को प्रात. दस बजे केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को प्रदर्शनी के समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। प्रदर्शनी के लिए प्रबंध निदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. एसके बागोरिया और उप निदेशक एवं को-नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव राठी ने बताया कि प्रदर्शनी को लेकर बसों का रूट चार्ट भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला भिवानी से प्रतिदिन 70 बसें विभिन्न गांवों से पशुपालकों/किसानों को प्रदर्शनी में लेकर आएंगी और शाम उनको वापस छोड़ने जाएंगी। प्रत्येक बस पर वीएस और वीएडीएल की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक बस के रवाना होने का गांव भी निर्धारित किया गया है। 25 फरवरी के लिए बनाए गए रूट चार्ट के अनुरूप लोहारू हल्के के ढाणी किशनलाल से चलने वाली बस ढाणी रामजस, ढाणी मिळी व गौशाला सिवानी के संचालकों को लेकर आएगी। इसी प्रकार से सिवानी, बड़वा से अलग से बसें चलेंगी। नलोई से चलने वाली बड़वा व रूपाना के पशुपालक को लेकर भिवानी आएग। उन्होंने बताया कि गुरेरा से चलने वाली बस गुरेरा, ढाणी शीलावांली, देवसर, किकराल होते हुए भिवानी आएगी। सैनीवास से चलने वाली बस लीलस और बुद्धशैली होते हुए भिवानी आएगी। गैंडावास से चलने वाली बस बख्तावरपुरा, मोहिला होते हुए भिवानी पहुंचेगी। कालोद से चलने वाली बस गुढा के पशुपालकों को लेकर भिवानी आएगी। सिवाच से चलने वाली बस मंढोली खुर्द, कलाली, तलवानी होते हुए भिवानी आएगी।

## मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ी

- किसान 25 फरवरी तक करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

कुलदीप सिंह

**जींद।** किसानों के लिए अच्छी खबर है। जो किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए हैं वो किसान अब 25 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अबतक लगभग 61 प्रतिशत फसल का ही रजिस्ट्रेशन हुआ है। जिले भर में पांच लाख 45 हजार एकड़ जमीन का फसल रजिस्ट्रेशन होना है और केवल तीन लाख 32 हजार एकड़ का रजिस्ट्रेशन ही किसानों द्वारा करवाया गया है। ऐसे में किसानों को अगर अपनी फसल बेचने के समय किसी तरह की परेशानी से बचना है तो उन्हें 25 फरवरी से पहले अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन जरूर करवाना होगा। गौरतलब है कि जिले में साढ़े पांच लाख एकड़ में गेहूं, सरसों, जौं, बरसीन की खेती इस रबी के सीजन में की गई है।

किसानों को फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए, इसके लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल बनाया गया है। इस पर किसानों को जितने एकड़ में गेहूं या दूसरी फसल लगाई है, उसका ब्यौरा देना होता है। गेट पास से लेकर न्यूनतम समर्थन मूल्य संबंधी किसी तरह की परेशानी नहीं आती है। पहले 31 जनवरी और उसके बाद 15 फरवरी तक का समय किसानों को फसल पंजीकरण के लिए दिया गया था लेकिन अब इसकी अंतिम तारीख को बढ़ाते हुए 25 फरवरी कर दी गई है। नरवाना क्षेत्र में 61 प्रतिशत, पिल्लूखेड़ा में 56 प्रतिशत, सफीदों में 55 प्रतिशत, उचाना में 57 प्रतिशत, अलेवा में 59 प्रतिशत, जींद ब्लॉक में 51 प्रतिशत फसलों का रजिस्ट्रेशन अभी तक हुआ है।

रजिस्ट्रेशन होने से शेड्यूल के अनुसार होगी फसल खरीद मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने वाले किसानों की फसल शेड्यूल के अनुसार खरीदी जाएगी।

आज समाज
RNI NO:HARHIN/2017/72026*

संपादकीय निदेशक : आलोक मेहता
प्रबंध संपादक : अमित गुप्ता*

प्रकाशक, मुद्रक एवं कार्यकारी निदेशक **राकेश शर्मा** द्वारा मै. गुडमॉर्निंग इंडिया मीडिया प्रा. लिमिटेड के लिए गांव सद्दोपुर स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल के सामने, अम्बाला-चंडीगढ़ हाइवे, अम्बाला-134004, हरियाणा से मुद्रित कराकर, गांव सद्दोपुर स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल के सामने अम्बाला-चंडीगढ़ हाइवे, अम्बाला-134004 हरियाणा से प्रकाशित।

* पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी

## खबर एक्सप्रेस

### जिले में रविवार को कोरोना से संक्रमित मिले 20 नये पोजिटिव केस, 48 व्यक्ति हुए ठीक : उपायुक्त

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना के 20 नये पॉजिटिव केस मिले हैं जबकि 48 व्यक्ति कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 58639 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 276 हो गई है। अब तक जिला में 58 हजार 255 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना के 108 एक्टिव केस है, जिसमें से 106 कोरोना पोजिटिव मरीज होम आईसोलेशन में है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

### कच्चे कर्मचारियों को 58 साल तक रोजगार सुरक्षा दी जाए : भारतीय मजदूर

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर राज्य सरकार के वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन प्रसाद से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में ठेका प्रथा समाप्त करने के लिए हरियाणा सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य को हरियाणा सरकार के बजट से पूर्व भारतीय मजदूर संघ की तरफ से कुछ सुझाव सांझा किए ताकि प्रदेश में कार्यरत श्रमिकों का रोजगार सुरक्षित रहे उनके परिवार का पालन पोषण ठीक हो सके। यह जानकारी देते हुए भारतीय मजदूर संघ उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन और प्रदेश महामंत्री हवा सिंह महला ने बताया कि बजट सत्र से पहले कर्मचारियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए भारतीय मजदूर संघ ने कुछ मांगे और सुझाव सरकार के सामने रखे हैं, जिनमें कच्चे कर्मचारियों को 58 साल रोजगार सुरक्षा दी जाए, सभी कर्मचारियों को बोनस नीति के अंतर्गत लाया जाए, पार्ट 1 व पार्ट 2 सभी कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम के साथ आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए, औद्योगिक विस्तार कर सभी बेरोजगार युवकों को रोजगार दिया जाए, संगठित व असंगठित क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा का लाभ दिया जाए सहित अन्य मांगों को ज्ञापन के माध्यम से उठाया गया है। भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना, जिला मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री हरियाणा बिजली बोर्ड कर्मचारी परिषद सुनील ढिल्लों व जिला सह मंत्री हिसार विकास बैनीवाल ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ हरियाणा लगातार कर्मचारी हित मैं कार्य कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के प्रयास से प्रदेश में ठेकेदारी प्रथा समाप्त हुई है। 22 जिलों में 22 तरह के डीसी रेट को समाप्त कर हरियाणा एक हरियाणवी एक की तर्ज पर एक स्टेट एक रेट निगम रेट लागू करवाया है। साथ ही सभी कर्मचारियों को अनुभव के आधार पर वेतन मिले उसके लिए स्लैब रेट का प्रावधान भी करवाया है। उन्होंने प्रदेश के सभी अनुबंधित कर्मचारियों से भारतीय मजदूर संघ के साथ जुड? का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ ही प्रदेश का एकमात्र संगठन जो कर्मचारी हितों के लिए कार्य कर रहा है।

### विपत्ति में भी भगवान पर भरोसा रखें : भागवताचार्य संजीव कृष्ण ठाकुर

**हिसार।** रावलवासिया सेवा सदन, भामाशाह नगर में समाजसेवी रामस्वरुप दास जिंदल परिवार, नलवा वाले के संयोजन में चल रही दिव्य श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के तीसरे दिन भक्त ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र एवं वामन भगवान चरित्र के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए वृंदावन से आये भागवताचार्य संजीव कृष्ण ठाकुर महाराज ने कहा कि भक्ति और भक्त की परीक्षा प्रतिकूलताओं में ही होती है। अनुकूलता में तो सभी मुस्कुराते हैं मगर प्रतिकूलता में भी जिसका आत्मबल न डिगे, जिसके चेहरे की मुस्कुराहट बनी रहे, निश्चित समझना वह कोई ध्रुव, कोई प्रह्लाद ही है। वामन भगवान चरित्र में महाराजश्री ने बताया कि हम सम्पत्ति के होल्डर हैं, मालिक नहीं। प्रभु कृपा से ही सम्पत्ति प्राप्त होती है और जब कभी प्रभु कृपा से अवसर प्राप्त हो तो अपनी सम्पत्ति को प्रभु का प्रसाद जानकर यथा संभव परमार्थ के कार्यों में अवश्य विसर्जन करना चाहिए। सैंकड़ों लोगों ने कथा का लाभ प्राप्त किया। कथा 24 फरवरी तक रोजाना दोपहर बाद 2.30 बजे से सायं 6 बजे तक चलेगी। 25 फरवरी को हवन व भंडारे के साथ कथा का पूर्ण विश्राम होगा। इस अवसर पर शिव कुमार जिंदल, सुभाष जिंदल, कैलाश जिंदल, सुरेश जिंदल, सज्जन, सुरेन्द्र, राजेन्द्र, अनिल, कौशल जिंदल, महेन्द्र, रोबिन, मधु, प्रकाश, विशाल सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एथलैटिक्स हरियाणा ने एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया को सौंपा 5 लाख का चैक

**हिसार।** एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (ए.एफ.आई.) के भवन के लिए एथलैटिक्स हरियाणा की ओर से 5 लाख रुपए की राशि का चैक प्रदान किया गया है। एथलैटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने आज बताया कि यह चैक एथलैटिक्स हरियाणा के महा सचिव राजकुमार मिटान द्वारा एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डा. ललित कुमार भनोट को सौंपा गया है। ए.एफ. आई. के पास इस समय अपना कोई भवन नहीं है तथा अब उसने अपना भवन बनाने का निर्णय लिया है। भवन का निर्माण देहली में किया जाना प्रस्तावित है। एथलैटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के नेतृत्व में एथलैटिक्स हरियाणा खेल के क्षेत्र में विश्व पटल पर एशियाई, राष्ट्रमंडल, विश्व चैम्पियनशिप और ओलिम्पिक गेम्स में हरियाणा राज्य का नाम रौशन कर रहा है। राजकुमार मिटान ने बताया कि हरियाणा के नीरज चोपड़ा ने जापान ओलिम्पिक गेम्स में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक में स्वर्ण पदक विजेता बनकर एथलैटिक्स हरियाणा का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखने का कार्य किया है। डा. ललित कुमार भनोट ने 5 लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान करने के लिए एथलैटिक्स हरियाणा का आभार जताया है।

### जमीन से जुड़े कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान देती है कांग्रेस : शैलजा

**हिसार।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के नवनियुक्त प्रदेश सचिव एडवोकेट कुलवंत सिंह सैनी ने रविवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा के हिसार आगमन पर फूलों का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया और अपनी नियुक्ति पर उनका आभार व्यक्त किया। विदित रहे कि अभी हाल ही में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा के निदेर्शानुसार लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष लाल बहादुर खोवाल ने उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया था। कुमारी सैलजा ने विश्वास जताया कि एडवोकेट सैनी अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जमीन से जुड़े कार्यकताओं को आगे बढ़ने के अवसर देती है। एडवोकेट सैनी जमीन से जुड़े कार्यकर्ता हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी। डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट खोवाल ने कहा कि कुलवंत सैनी अभी पंजाब में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करके लौटे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि वे किस तरह से पूरे समर्पित भाव के साथ पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर रामनिवास राड़ा, वीर सिंह सैनी, रामचंद्र सैनी, महेंद्र कहलागिया, डॉ ब्रह्मानंद, रवि सैनी, राजवीर एडवोकेट, विजय सिंह सैनी एडवोकेट, मनोज चौधरी, प्रदीप सैनी, करण मलिक, राम अवतार सैनी, हवा सिंह सैनी व शहर के अन्य मौजिज लोगों ने मिलकर कुलवंत सिंह को प्रदेश सचिव बनाने पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का हार्दिक धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वे पार्टी के प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। एडवोकेट सैनी ने कहा कि पार्टी ने संगठन में जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, वह अपने आप में गौरव का विषय है। वे इस जिम्मेदारी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे।

### जैन संत संयम मुनि का देवलोक, श्रावकों ने दी श्रंद्धाजलि



**सिरसा।** संघ संचालक नरेश मुनि जी महाराज के आज्ञानुवर्ती श्री सत्यप्रकाश मुनि जी महाराज के शिष्यरत्न संयम मुनि जी महाराज का रविवार को डबवाली में हदयगति रूक जाने से देवलोक हो गया। उनके देवलोक की सूचना मिलते ही जैन समाज में शोक की लहर दोड़ पड़ी। सत्यप्रकाश मुनि जी महाराज ठाणे- 3 डबवाली की एसएस जैन सभा में विराजमान थे। जैन सभा से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि बीती रात करीब दो बजे जैन संत संयम मुनि (22) हदयगति रूक जाने से देवलोक हो गया था। जैन समाज से जुड़े श्रावकों ने उनके देवलोक गमन होने पर श्रंद्धाजलि दी। जैन श्रावकों में एसएस मंगल देश के प्रधान सुभाष जैन लिल्ली, ऑल इंडिया जैन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप भांभू, जैन एकता मंच के जिला प्रधान एवं कालांवाली एसएस जैन सभा के प्रधान संदीप जैन, ऑल इंडिया जैन कांफ्रेंस के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश जैन,डबवाली के प्रधान सुभाष जैन, सचिव राजेश जैन काला, रानियां एसएस जैन सभा के प्रधान विनोद जैन, सचिव सोमप्रकाश, राजेन्द्र मित्तल रतिया सहित अनेक लोगों ने उन्हें श्रंद्धाजलि दी। बतां दे कि मुनक निवासी आन्नद जैन से सुपुत्र जैन संत संयम जैन ने वर्ष 2014 में 6 जून को जैन संतो के साथ वैराग्य में रहे। 10 मार्च 2016 को जैन दीक्षा ग्रहण की। उन्हें हिन्दी, पंजाबी, अंग्रेजी व प्राकृत भाषाओं का ज्ञान था। होनहार, क्रमठ प्रवचन कुशल विनयवान जैन संत संयम मुनि महराज को सभी शास्त्रों का ज्ञान था । उनकी माता शैली जैन व छोटा भाई कोविद जैन है।

# दादरी पुलिस ने लोगों के लिए जारी किया नया हैल्पलाइन नंबर

आज समाज नेटवर्क

**चरखी दादरी।** मौजूदा समय में साइबर वितीय अपराध बैंक उपभोक्ताओं के साथ-साथ पुलिस के लिए भी सबसे बड़ा सिरदर्द बना हुआ है। साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर बैंक उपभोक्तओं के खातों में सेंधमारी कर उनका खाता खाली कर देते हैं। जिसके चलते शातिर साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए नए हैल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। रविवार को दादरी पुलिस अधीक्षक ने जिले के लोगों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ ऑनलाईन वित्तिय धोखाधड़ी होने की स्थिती में राष्ट्रीय साईबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल द्वारा शिकायत करने के लिये अब एक नया हैल्पलाईन नम्बर 1930 जारी किया गया है। इसके माध्यम से जिस व्यक्ति के साथ वित्तिय साईबर अपराध हुआ है वह इस नम्बर पर तुरंत शिकायत कर-के उन रुपयों को फ्रीज करवा सकता है और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने उपरांत अपने रुपयों को वापिस पा सकता है। वहीं पहले लॉन्च किये गये हैल्पलाईन नम्बर 155260 को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रुपये वापिस पाने के लिए सबसे पहले साईबर वितीय अपराध होने की स्थिति में शिकायतकर्ता को हैल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करनी होगी यह फोन कॉल नियुकत किए गए पुलिस अधिकारी द्वारा रिसीव की जाएगी और वह अधिकारी लेनदेन से संबंधित कुछ विवरण मांगेंगा। जिसके बाद आगे के चरणों को पूरा किया जाएगा और राशि




को रोकने के लिए डिजिटल अलर्ट भेजा जाएगा।

जिसके बाद बैंक खाते से रुपये निकासी को रोक दिया जाएगा। दादरी पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों से अपील की है कि ऐसे साईबर अपराधियों का पता लगाने व दण्डात्मक कानूनों को लागू करने के लिये भी प्रयास शुरू किए गए हैं। जिनको जल्द ही अमल में लाया जाएगा। किसी भी अज्ञात व्यक्ति पर बिना जांचे परखे विश्वास ना करें और ना ही अपनी विश्वसनीय जानकारी किसी अन्य व्यक्ति के साथ सांझा करें।

## रिंग रोड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का किया आयोजन



ब्लड डोनेशन कैंप में युवक को प्रणाम पत्र देते विधायक।

आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** रिंग रोड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन स्थानीय मुल्तान भवन मॉडल टाउन में किया गया। इस आयोजन में शहरी विधायक प्रमोद विज मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि लोकेश नागरू पार्षद को बुलाया गया। इस दौरान एसोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद रहे व उन्होंने रिंग रोड पर होने वाली समस्याओं के बारे में भी विधायक प्रमोद विज से चर्चा करी जैसे पानी की निकासी स्ट्रीट लाइट रिंग रोड सौंदर्यकरण ,पब्लिक टॉयलेट्स ,सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे की मांग रखी। विधायक प्रमोद जी ने बताया कि जल्द ही मॉडल टाउन रिंग रोड कि समस्याओं को दूर किया जाएगा। इस मौके पर मोहित बजाज, आशु दुआ, राजीव बैठला, अतुल सेठी, रमेश गिरधर, मोंटी भल्ला, कवलजीत सिंह, अश्विनी, गिरीश, रचित जग्गा, पंकज दुआ आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी क्षेत्र की समस्याएं

■ सिरसा शहर में पेयजलापूर्ति और सीवर लाइन के लिए मांगी 5929.09 लाख रुपए की राशि

नरेश जैन

**सिरसा।** सिरसा के विधायक, पूर्व गृहराज्यमंत्री एवं हलोपा सुप्रीमो गोपाल कांडा ने सिरसा शहर और विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर रविवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। विधायक ने सिरसा शहर में पेयजलापूर्ति सुधार, सीवरेज और जलनिकासी के लिए 5929.09 लाख रुपए की मांग की है। साथ ही भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने ऐलनाबाद में राजकीय महिला कालेज, खेल स्टेडियम निर्माण के साथ साथ अन्य मांगें रखी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास कार्यो में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।रविवार को विधायक गोपाल कांडा और उनके अनुज वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की और उनके समक्ष सिरसा व ऐलनाबाद क्षेत्र की अनेक मांगे रखी जबकि पूर्व में विकास कार्यो के लिए घोषित धनराशि जारी करवाने का अनुरोध किया। गोपाल कांडा ने उन्हें बताया कि सिरसा शहर में पेयजलापूर्ति और सीवर लाइन के कार्यो को लेकर अधीक्षक अभियंता की ओर से अनुमानित लागत 5929.09 लाख रुपए के दस्तावेज पंचकूला मुख्यालय भेजे गए है। जिसमें पेयजलापूर्ति के लिए 1456.00 लाख रुपये और सीवर लाइन के लिए 3473.09 लाख रुपए मांगे गए है। उन्होंने कहा है कि हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की ओर से गांव केलनियां से पुराना केलनियां तक, गांव जोधकां से ढाणी पुरबिया तक, गांव धिंगतानिया से नेजियाखेड़ा तक, गांव मोडियाखेडा से पंजाब हैड तक, गांव चाडीवाल से दडबा तक, गांव नहराणा से शक्करमंदोरी तक, गांव मोचीवाला से कुक्कडथाना तक, गांव नेजिया से गांव रंधावा तक सड़कों की मरम्मत का कार्य करवाया जाए क्योंकि ये सड़के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

## प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं खेल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवा: कुलपति

■ डीसीआरयूएसटी में प्रारंभ हुई उत्तर क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 58 टीम ले रही हैं भाग

आज समाज नेटवर्क

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले मैच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की टीम ने एक तरफा मुकाबले में नेता जी सुभाष विश्वविद्यालय,द्वारका की टीम को 3-0 से पराजित किया। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, उत्तराखंड की टीम ने कुंडली स्थित निफ्टम की टीम को टीम को 3-0 से पराजित किया। डीसीआरयूएसटी,मुरथल में उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजेंद्रकुमार अनायत ने किया। प्रतियोगिता में 58 विश्वविद्यालयों की टीम भाग ले रही हैं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.अनायत ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के अंदर सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी एकजुट होकर टीम की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने खेलों के माध्यम से प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रतियोगिता का पहला मैच इलाहाबाद विश्वविद्यालय,इलाहाबाद और नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय,द्वारका के बीच खेला गया। यह मैच एकतरफा रहा। इस मैच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की टीम ने नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित कर दिया, जबकि दूसरा मैच डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,अयोध्या और एम.जे.पी रोली खान विश्वविद्यालय के बीच खेला गया। एम.जे.पी रोली खान विश्वविद्यालय की टीम ने राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित किया। तीसरा मैच महाराजा भूपेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय,पंजाब और जामिया इस्लामिया विश्वविद्यालय,दिल्ली के बीच खेला गया। मैच के दौरान दोनों टीमों के मध्य कड़ा मुकाबला देखने को मिला। संघर्ष पूर्ण मैच में महाराजा भूपेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय,पंजाब ने जामिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली की टीम को 3-2 से पराजित कर दिया । खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि चौथा मैच कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल और जम्मू विश्वविद्यालय, के बीच खेला गया। इस मैच में कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल की टीम ने विश्वविद्यालय, जम्मू को 3-0 से हरा दिया। पांचवा मैच उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय,उत्तराखंड और निफ्टम,कुंडली के बीच खेला गया। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की टीम ने ने निफ्टम,कुण्डली को 3-0 से मात दी। छटा मैच डीटीयू,दिल्ली और इंटीग्रल विश्वविद्यालय,लखनऊ के बीच खेला गया। डीटीयू, दिल्ली की टीम ने इन्टीग्रल विश्वविद्यालय को 3-0 से पराजित किया। सातवां मैच शिव नादर विश्वविद्यालय,दिल्ली और चौ.बंसीलाल विश्वविद्यालय,भिवानी के बीच खेला गया। शिव नादर विश्वविद्यालय,दिल्ली ने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की टीम को 3-1 से पराजित किया।

आठवां मैच चौ.राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय, प्रयागराज व महेंद्रगढ केंद्रीय विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया। यह मैच एकतरफा रहा। चौ.राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय, प्रयागराज की टीम ने महेंद्रगढ़ केंद्रीय विश्वविद्यालय की टीम को 3-0 से पराजित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.सुरेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.विजय शर्मा, प्रो.सुरेंद्र सिंह दहिया, प्रो.पवन दहिया,पंजाब विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा.राकेश मलिक, डा.प्रदीप पंघाल, डा.सतपाल , डा.दिनेश दहिया, करनाल व पानीपत के जिला खेल अधिकारी प्रदीप पालीवाल जी भी उपस्थित थे।

## किसानों के खातों में जल्द आएगे फसल बीमा के 415 करोड़ रुपए की राशि: कृषि मंत्री जेपी दलाल

अमित वालिया

**लोहारू।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि जिला में खरीफ फसल-2021 की मूंग व कपास आदि में हुए नुकसान की करीब 127 करोड़ रुपए की राशि प्रभावित किसानों के खातों में 28 फरवरी तक डाल दी जाएगी। इसी प्रकार से किसानों को बीमा क्लेम की लगभग 288 करोड़ रुपए की राशि भी शीघ्र मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र में युवाओं के रोजगार के लिए प्रबंध किया जाएगा। क्षेत्र में चल रही विकास परक योजनाओं के पूरा होने के बाद यहां पर रोजगार के नए-नए अवसर पैदा होंगे। श्री दलाल रविवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव बारवास, बिसलवास, अहमदवास खेड़ा व लोहारू के वार्ड नंबर 12 का दौरा किया कर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे किसानों के साथ किसी प्रकार से अन्याय नहीं होने देंगे। किसानों को किसी भी प्रकार से फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई हर हाल में करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र की कायाकल्प की जा रही है। आने वाले कुछ ही समय के बाद लोहारू विधानसभा प्रदेश के सबसे विकसित हलकों में से एक होगा।

कृषि मंत्री श्री दलाल ने कहा कि लोहारू क्षेत्र में मिलने वाले नहरी पानी को बढाया जाएगा। आने वाले समय किसानों को पानी और अधिक मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र में विकास कार्यां की झड़ी लगाई गई है। विकासपरक योजनाओं के पूरा होने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।कृषि मंत्री श्री दलाल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास वहां के सडक मार्गों पर निर्भर करता है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में नए-नए नेशनल हाईवे व बाईपास का निर्माण करवाया जा रहा है।

## सोसायटी ने निशुल्क जांच शिविर का किया आयोजन



युवक को सम्मानित करते अधिकारी।

आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसायटी के द्वारा वरिष्ठ नागरिक सामुदायिक केंद्र में 18वाँ निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अशोक नागरू मौजूद रहे। कैम्प में डॉक्टर अंकुर मित्तल हड्डी व जोड़ विशेषज्ञ डॉ भवानी शंकर सांस व दमा रोग, डॉ श्रेया मिड्ढा आहार रोग विशेषज्ञ, डॉ पुनीत गाबा दांत रोग, डॉ विकास अनेजा बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा 165 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप में फ्री दवाई, शुगर जांच, बीएमडी टेस्ट किया गया। मुख्य अतिथि लोकेश नागरू को आदर्श एक विश्वास के संयोजक नवीन मुंजाल ने स्मृतिचिन देकर सम्मानित किया, वहीं सोसाईटी के प्रधान डॉक्टर पप्पू व सचिव अशोक कालड़ा ने विशिष्ट अथिति सोनिया गाबा व दिवाकर मेहता को स्मृतिचिन्ह दिया। पार्षद लोकेश नागरु ने आदर्श एक विश्वास की काफी प्रशंसा की व सभी डॉक्टर को इस नेक काम के लिए स्मृतिचिन्ह देकर कर सम्मानित किया।

## पानीपत बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन ने विधायक प्रमोद विज को किया सम्मानित

आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** पानीपत बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सरपरस्त उस्ताद रमेश यादव (शेरू) व पानीपत बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के प्रधान सचिन कपूर (शशि) व समस्त टीम द्वारा शहीद भगत सिंह मार्किट में शहर के विकास कार्यो व वार्ड-23 में विकास कार्य की गति से हो रहे कार्यो को लेकर विधायक प्रमोद विज व पार्षद अश्वनी ढींगडा का जोरदार स्वागत समारोह किया गया। विधायक प्रमोद विज शहीद भगत सिंह मार्केट पहुचें, जहां पर फिगर फिट जिम के द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह में सम्मिलित हुए और वार्ड वासियों के द्वारा विधायक विज का स्वागत किया गया। अभिनन्दन कार्यक्रम के उपरांत विधायक विज के वार्ड को 70 लाख की लागत से होने जा रही सड़को के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि वार्ड 23 में पहली सड़क जिसका शिलान्यास किया गया है जिसकी लागत 50 लाख होगी एवं दूसरी सड़क भगत सिंह मार्किट से असंध रोड फ्लाईओवर तक बनेगी, जिसकी लगात 20 लाख होगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक प्रमोद विज।

## इनसो ने बनाया जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला का 32वा जन्मदिवस



फ्रूट बांटते इनसो कार्यकर्ता।

आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो छात्र नेता राजेंद्र जैलदार और इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल ने जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव भाई दिग्विजय सिह चौटाला का 32वा जन्मदिवस पानीपत बस स्टैण्ड के सामने मरीजों को फल फ्रूट बांटकर बनाया। इनसो छात्र नेताओं ने बताया कि जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने हमेशा युवाओं व छात्रों की आवाज को हमेशा बुलंद करने का काम किया है, छात्र संघ चुनाव बहाल करने में दिग्विजय चौटाला का अहम योगदान रहा है, कालेजों की छोटी से छोटी समस्या को दिग्विजय चौटाला ने कालेजों में स्वय पहुंचकर हल कराने का काम किया है, इनसो छात्र नेताओं ने बताया की भगवान से उनकी लम्बी उम्र की प्रार्थना करते है इस अवसर पर अमन घणघस, हैपी शर्मा, मंजीत चहल, सुमित मलिक, अजय ढांडा, प्रमोद सेंनी आदि छात्र मौजूद रहे।

## हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग आज जिला प्रधान सुत्तारद्दीन मिर्जा की अध्यक्षता में सर्व कर्मचारी संघ के कार्यालय में हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। बैठक में संगठन के राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य उपप्रधान कृष्ण नैन ने कहा कि राज्य सरकार लगातार तुगलकी फरमार जारी कर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के ढांचे को बर्बाद करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित पूरे देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू है, जिसके तहत पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक कोई भी फीस नहीं ली जा सकती । यहां तक कि बच्चों से लिए जाने वाले स्कूल फंड भी नहीं लिए जा रहे। इसकी एवज में स्कूलों को काम चलाने के लिए 36 रुपए प्रति विद्यार्थी प्राथमिक कक्षाओं में तथा 92 रुपए प्रति विद्यार्थी मीडिल कक्षाओं में स्वयं सरकार स्कूलों को देती है। ऐसी अवस्था में बोर्ड द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों से इनरोलमैंट और परीक्षा फीस के नाम पर 550 रुपए लिया जाना बिल्कुल गलत है । राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन ने कहा कि आठवीं कक्षा तक सीसीई की अवहेलना करके बोर्ड पेपर लेने से कोर्ट के मना करने के बाद भी हरियाणा सरकार तानाशाही पूर्ण तुगलकी फरमान जारी करती जा रही हैं। जिसके चलते बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली हरियाणा सरकार शिक्षा को महंगी कर गरीबों व लड़कियों से शिक्षा का अधिकार छिनने की साजिश कर रही है। इसी प्रकार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड सरकारी स्कूलों की बोर्ड से संबद्धता करवा रहा है जबकि पहले ऐसा नहीं होता था । उन्होंने बताया कि परीक्षा के समय प्रशिक्षण के आयोजन को किसी भी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि पाठ्यक्रम भी पूरा करवाया जाना है । उन्होंने कहा कि अध्यापकों के ऑनलाइन तबादलों को मजाक बनाया था , उसी तरह आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा भी मजाक ही बनी हुई है। उन्होंने बताया कि अध्यापक संघ पहली व दूसरी कक्षा को स्कूलों में ही रखने के लिए एसएमएसी की बैठकें कर मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजे जाएंगे। इसके अलावा नई शिक्षा नीति को वापस लेने की मांग को लेकर आम जनता के साथ मिलकर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस पर अवकाश होने के चलते अध्यापक संघ द्वारा 6 मार्च को महिला दिवस मनाया जाएगा,जिसमें सैंकड़ों की संख्या में महिला अध्यापक भाग लेंगी।

उन्होंने कहा कि सारकार की कर्मचारी विरोधी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 28-29 मार्च को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में अध्यापक हजारों की संख्या में बढ़चढ़ कर भागीदारी करेंगे।

जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि बैठक में आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों के आंदोलन का समर्थन किया गया और सरकार से आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों से किए गए वायदों को पूरा करने की मांग उठाई गई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों की मांगों को पूरा नहीं किया तो अध्यापक संघ भी इस आंदोलन में खुलकर भागीदारी करेगा। उन्होंने बताया कि अध्यापक संघ अपनी मांगों को लेकर 23 से 25 फरवरी तक जिला के सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके तहत 23 फरवरी को विधायक कुलदीप बिश्नोई को और 25 फरवरी को डा. कमल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में राज्य उपप्रधान अलका, राज्य कार्यालय सचिव जयवीर सिवाच, पवन कुमार, प्रमोद जांगड़ा, दिनेश शर्मा, राजेन्द्र पूनिया, विनोद प्रभाकर, सन्दीप मिल्खा, बलजीत सिंह, रामपाल, बाबूलाल, फकीरचंद, सत्यवान, दलबीर भादू, सुभाषचन्द्र व देवीलाल आदि भी उपस्थित रहे।

# खबर एक्सप्रेस

## पशुपालक राज्य पशुधन प्रदर्शनी, भिवानी में लेकर जाएं अपने पशु अव्वल रहने पर मिलेगा ईनाम

**सिरसा।** हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से आगामी 25 फरवरी से हरियाणा प्रदेश के जिला भिवानी में भिवानी के सैक्टर 13 के पास हुडा ग्राऊंड मे 38वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, यह प्रदर्शनी 27 फरवरी तक चलेगी। प्रदर्शनी के दौरान पशुओं की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त अजय सिह तोमर ने बताया कि इस प्रदर्शनी और आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले पशुओं को विभाग की ओर से ईनाम दिए जाएंगे। साथ ही ऊंट व घोडों के करतब भी होंगे और पशुओं का रैंप शो भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि, पशुपालन और बागवानी से संबधित नई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। पशुपाल विभाग के उपनिदेशक डा. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक, उपमंडल अधिकारी या उपनिदेशक कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। चुने गए पशुओं को 24 फरवरी सायं तक प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचना होगा। इस राज्य पशुधन प्रदर्शन में 12 नस्लों के पशुओं की 53 तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें गाय, भैंस, बैल, खागड़, भेड़, बकरी, मेंढ़े, ऊंट, घोड़े, सूअर व गधे जैस पशु शामिल हैं। प्रदर्शनी में पशुओं के ठहरने, चारे व पानी की समुचित व्यवस्था होगी।

## ई-मेल से मिली शिकायत, चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** रेलवे पुलिस ने एक यात्री द्वारा ई-मेल के माध्यम से की शिकायत पर चंडीगढ़ से जयपुर जा रही एक्सप्रेस रेलगाड़ी में अशखील भाषा का प्रयोग करने, यात्रियों को धमकाने पर चार अज्ञात यात्रियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। जयपुर निवासी राकेश ने रेलवे पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चंडीगढ़ से जयपुर के लिए एक्सप्रेस गाड़ी में सवार हुआ था। उसके आसपास वाली सीटों पर चार युवकों ने रिजर्वेशन करवाई हुई थी। युवक ताश खेल रहे थे जो अशखील भाषा का प्रयोग कर रहे थे। जब उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो आरोपितों ने उसके साथ-साथ आसपास की सीटों के यात्रियों को धमकाया और अशखील भाषा का प्रयोग भी किया। जिसकी शिकायत टीटी से भी की गई। चारों युवकों द्वारा अशखील भाषा का प्रयोग किए जाने का सिलसिला लगातार जारी रहा। युवकों की भाषा शर्मसार करने वाली तथा उनका व्यवहार अमर्यादित था। रेलवे पुलिस ने यात्री राकेश की शिकायत पर बी फोर थर्ड एसी कोच के सीट नंबर 10, 11, 13 व 14 पर सवार चार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रेलवे के जांच अधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि जयपुर से ई-मेल द्वारा चार युवकों के खिलाफ अशखील भाषा का प्रयोग करने, डराने, धमकाने तथा गंदगी फैलाने की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बागवानी किसानों के लिए पॉली हाउस एवं नेट हाउस लगाने का सुनहरा मौका : उपायुक्त

**सिरसा।** बागवानी विभाग द्वारा किसानों के संरक्षित खेती के लिए पॉली हाऊस एवं नेट हाऊस लगाने का के सुनहरे अवसर दिया जा रहा है। किसानों के संरक्षित खेती में रूझान को देखते हुए संरक्षित ढांचा निर्माण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022 है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि किसान पॉली हाऊस व नेट हाऊस लगाने के लिए 28 फरवरी तक अपना आवेदन करें। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है ताकि किसानों की आमदनी बढ़ सके। आवेदक का चयन दस्तावेज पूर्ण होने के उपरांत वरिष्ठता के आधार एवं अन्य निर्धारित नियमानुसार किया जायेगा। किसान इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला बागवानी अधिकारी या उद्यान विभाग के मुयालय के दूरभाष 0172-2582322 पर सपर्क कर सकते है

## नगदी से भरा पर्स लौटाकर चालक-परिचालक ने दिखाई ईमानदारी

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी लगातार ईमानदारी की मिसाल कायम कर रहे हैं। 20 फरवरी की सुबह बस की सीट पर मिले 20 हजार की नगदी से भरे पर्स को उसके मालिक को लौटाकर कर्मचारियों ने एक और ईमानदारी का कार्य किया। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 1 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ सिरसा डिपो वरिष्ठ उपप्रधान व डबवाली सब डिपो प्रधान व कर्मचारी नेता पृथ्वी सिंह चाहर व महासंघ यूनियन सचिव राजेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि आज सुबह सिरसा से 7 बजे रवाना हुई डबवाली सब डिपो की बस में ड्यूटी पर नियुक्त चालक रणजीत सिंह डी नंबर 135 व परिचालक जोगिंदर सिंह सी नंबर 275 थे। डबवाली सब डिपो में पहुंचने के बाद बस को रोजाना की तरह रूटीन वाइज चैक किया तो बस के अंदर सीट पर एक पर्स मिला, जिसमें 20000 रुपए व जरूरी कागजात मिले। जिस पर मोबाइल नंबर भी लिखे हुए थे। कर्मचारियों ने उस मोबाइल नंबर से संपर्क किया तो वह सवारी डबवाली रेलवे स्टेशन पर पहुंच चुकी थी। पर्स के बारे में बताने पर सवारी बस स्टैंड पहुंची और पहचान के बाद उसे पर्स लौटा दिया गया। व्यक्ति ने पर्स मिलने पर चालक व परिचालक का आभार जताया और उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की।

## सलाह ने जताई मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई 8वीं के बोर्ड संबंधी बैठक पर आपत्ति

**सिरसा।** 8वीं की बोर्ड की परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग व सरकार में घमासान मचा हुआ है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने इस मामले को लेकर 25 फरवरी को चंडीगढ़ में सायं 3 बजे बैठक बुलाई है। बैठक में निजी व प्राइवेट स्कूलों की यूनियन से जुड़े सभी संगठनों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें 8वीं कक्षा के बोर्ड संबंधी फैसले पर चर्चा की जाएगी। स्कूल कैडर लैक्चरार एसोसिएशन, हरियाणा (सलाह) ने इस बैठक को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है और इस बैठक को रद्द करने की मांग की है। सलाह की मांग है कि इस बैठक में सभी सरकारी स्कूलों के अध्यापकों-प्राध्यापकों से जुड़ी तमाम यूनियनों को बुलाया जाए। सलाह के राज्य मीडिया प्रभारी गुरदीप सैनी ने बताया कि क्या प्राइवेट स्कूलों की एसोसिएशन को बुलाकर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री एकतरफा फैसला लेना चाहते हैं। जबकि सरकारी स्कूलों से जुड़ी अध्यापकों की यूनियनों को बैठक में आमंत्रित ही नहीं किया गया है, जोकि समझ से परे है। स्कूल कैडर लैक्चरार एसोसिएशन, हरियाणा (सलाह)का शिष्टमंडल 8वीं कक्षा का बोर्ड बनाने के लिए बोर्ड के चेयरमैन डा. जगबीर सिंह मलिक से पिछले चार वर्षों में कई बार मिला। सलाह के प्रयासों के परिणामस्वरूप ही वर्ष 2022 में 8वीं के बोर्ड के निर्णय को लागू कर दिया गया। गुरदीप सैनी ने बताया कि बोर्ड बनने से शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। क्योंकि इससे पूर्व बोर्ड न होने से बच्चों को फेल होने का डर नहीं था, जिसके चलते वे शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं थे। बोर्ड की परीक्षा होने के चलते बच्चों के मन में भी पढ़ाई के प्रति गंभीरता आएगी और प्रदेश में बच्चों का शैक्षिक स्तर पर भी सुधरेगा।


# अपहरण मामले में आरोपी से रिमांड कर अवैध हथियार किए बरामद

आज समाज नेटवर्क

**महेंद्रगढ़।** अपहरण के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से पुलिस ने रिमांड के दौरान वारदात में प्रयोग किया गया सामान किया बरामद, न्यायालय में पेश कर भेजा जेल।

थाना सदर महेंद्रगढ़ के क्षेत्र गांव खातौद से महिला का अपहरण करने के मामले में स्पेशल स्टाफ महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने वारदात को अंजाम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। मामले में कार्यवाही करते पुलिस ने राजस्थान क्षेत्र से छह आरोपितों मुरारी लाल वासी शोहपुर थाना मुंडावर राजस्थान, कृष्ण वासी बसई चौहान थाना हरसोरा राजस्थान, उदयपाल वासी कल्याणपुरा थाना बहरोड़ राजस्थान, नवल किशोर वासी सबलगढ़ थाना मुंडावर राजस्थान, बलवान वासी बलाना महेंद्रगढ़ और विजय वासी पांचनौता नांगल चौधरी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा आरोपितों से सख्ती से पूछताछ कर वारदात में प्रयोग किया गया अवैध हथियार, लाठी-डंडे बरामद किए गए हैं। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम को सूचना मिली की खातौद गांव में गोली चल गई है और गोली चलाने वाले आरोपित एक महिला को उठाकर ले गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि कुछ लोगों ने खातौद गांव में कुछ व्यक्तियों ने हथियार से हमला कर एक महिला को घायल कर दिया और एक महिला को उठाकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत प्रभाव कार्रवाई शुरू कर दी। महेंद्रगढ़ खातौद गांव में गोली चलाकर घायल करने और महिला का अपहरण करने के मामले को जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन ने संज्ञान में लेते हुए जिला पुलिस को तुरंत प्रभाव से महिला को ढूंढने के सख्त निर्देश दिए और आरोपितों को पकड़कर सख्त कारवाई करने के निर्देश दिए थे। जिनके तहत स्पेशल स्टाफ महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपित विजय ने रैकी कर सारी सूचना आरोपितों तक पहुंचाई, इसके बाद आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि जमीन के लालच में आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपितों से सख्ती से पूछताछ करते हुए आरोपित मुरारी से वारदात में प्रयोग किया गया एक देशी कट्टा व 2 जिंदा कारतूस, आरोपित कृष्ण व बलवान से एक-एक डंडा और आरोपित नवल किशोर व उदयपाल से एक-एक बुलेरो गाड़ी बरामद की गई है। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


अपहरण मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के साथ पुलिस की टीम।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 71 हजार रुपए तक की आर्थिक मदद दे रही हरियाणा सरकार

**सिरसा।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने महिलाओं को सशक्त और शिक्षित बनाने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ महिलाएं बखूबी उठा रही हैं। मुयमंत्री की सोच है कि महिलाओं को समाज में समान अवसर मिलें और वे आत्मविश्वास व समान के साथ आगे बढ़ें। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा बेटी की शादी में सहयोग के लिए माता-पिता को आर्थिक मदद दी जाती है। सरकार गरीब परिवारों की लड़कियों, विधवाओं/निराश्रित महिलाओं की बेटियों की शादी के लिए अनुदान प्रदान करती है। योजना के तहत 71 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद दी जाती है। विधवाओं/निराश्रित महिलाओं और अनाथ बालिकाओं (गरीबी रेखा से नीचे और जिनकी पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम है) को 51 हजार का शगुन देती है।

# जय हिन्द जनसेवा फाउंडेशन ने गांव में जांच शिविर का किया आयोजन

आज समाज नेटवर्क

**नारनौल।** सेका गांव में लगे स्वास्थ्य कैंप में लगभग 200 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई व उचित परामर्श, इलाज और दवाइयां भी वितरित की।

कैम्प का आयोजन जयहिन्द जनसेवा फाउंडेशन के संस्थापक और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष यतेंद्र राव ने किया व उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए बताया कि एनजीओ काफी समय से समाज सेवा के कार्यो में जुटा हुआ है और मानवता के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने में तत्पर रहता है, कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश धनखड़ के सुपुत्र एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य आदित्य धनखड़ व जिला महेंद्रगढ़ भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की।

कैम्प में गुरुग्राम से आए डॉक्टर हिमांशु शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे व डा. विनय, डा. शशि राव, डा. तनुश्री व अन्य मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।


जय हिन्द जनसेवा फाउंडेशन द्वारा गांव सेका में चिकित्सा कैंप में मरीजों की जांच करता चिकित्सक। **आज समाज**

यतेंद्र राव का कहना है कि उनकी संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की मदद करना है जो किसी कारणवश अपने इलाज का खर्चा नहीं उठा पाते हैं व बड़े अस्पतालों में नहीं जा पाते हैं। संस्था इससे पूर्व भी अनेकों मेडिकल कैंप लगा चुकी है तथा कोविड में लगातार लोगों की मदद के लिए आगे आकर कार्य किया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंजीत यादव नांगल सिरोही, पंकज सेका, संदीप माल्ड़ा, पंकज अग्निहोत्री व अन्य लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर नेत्रहीन कन्या विद्यालय में दिए 4 पंखे, नंदी गोशाला में खिलाया चारा

आज समाज नेटवर्क

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर रविवार जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली कार्यकताओं के साथ नेत्रहीन कन्या विद्यालय व नंदी गौशाला पहुंचे। यहां सामाजिक कार्य के दौरान दिग्विजय चौटाला की लंबी उम्र की कामना की।


नेत्रहीन कन्या विद्यालय में चार पंखें सौंपते जजपा नेता सिकंदर गहली।

सर्वप्रथम जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली सिंघाना रोड स्थित नंदी गौशाला पहुंचे। यहां नंदीशाला के केयर टेकर अनिल शास्त्री को गौमाता के भोजन के लिए चुरी के कट्टे सौंपे। फिर गौमाता को चारा खिला आशीर्वाद लिया। यहां से मोहल्ला खडखड़ी में स्थित हरियाणा नेत्रहीन कन्या विद्यालय पहुंचे। यहां विद्यालय के केयरटेकर महावीर प्रसाद व कांता गांधी से मुलाकात की और जरूरत के हिसाब से चार कमरों के लिए चार पंखे भेंट किए गए। साथ ही विद्यालय प्रबंधकों को अन्य जरूरत के सामान के लिए अवगत करवाने का आग्रह किया। इसके बाद कार्यालय में पहुंच युवा नेता दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर केट काटा गया। इस दौरान सिकंदर गहली ने कहा कि साल-2013 में दिग्विजय चौटाला राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और फिर युवाओं को चौधरी देवीलाल की विचारधारा से जोड़े रखने का मुश्किल काम अपने कंधों पर लिया और पूरे हरियाणा की यात्रा की।दिग्विजय ने हरियाणा के छात्रों की समस्याओं को समझा और हजारों युवाओं को अपने साथ जोड़ा। जननायक चौधरी देवीलाल की चौथी पीढ़ी के युवा नेता दिग्विजय चौटाला की एक नजर जहां छात्र हितों और युवाओं को सामाजिक कार्यों में जोड़ने की है, दूसरी ओर उनका ध्यान इस बात पर रहता है कि युवाओं को राजनीति की मुख्य भूमिका के लिए तैयार किया जाए। अपने कड़े प्रयासों से प्रदेश में 23 साल बाद छात्र चुनाव शुरू करवाएं। 10 हजार कार्यकताओं ने स्वैच्छिक अंगदान की शपथ लेकर सहमति पत्र भरा। इस उपलब्धि के लिए इनसो को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह मिली।अस्पतालों में रक्तदान के लिए जाने से लोग कतराने लगे और ब्लड बैंकों में रक्त की कमी की जानकारी जब उन्हें मिली तो 5000 रक्त यूनिट एक ही दिन में एकत्रित कर अस्पतालों को दिया गया। इस मौके पर जाट महासभा के प्रधान विजयपाल एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव, संदीप, कृष्ण यादव, मोहित सैनी, कुलदीप यादव, पवन कुमार, जितेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, श्रीकांत व महेंद्र सैनी मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री ने सरकारी सेवाओं का लाभ तत्परता से मुहैया करवाने के लिए किया सीएससी सेंटर का उद्घाटन

अमित वालिया

**लोहारू।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ तत्परता से मुहैया करवाने के लिए रविवार को अपने निवास पर सीएससी सेंटर का उद्घाटन किया।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने सीएससी सेंटर के शुभारंभ अवसर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सीएससी सेंटरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ मुहैया करवाया जा रहा है। सीएससी सेंटरों के माध्यम से आमजन को सेवाओं का लाभ निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की सेवा प्रकोष्ठ द्वारा सीएससी सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

लोहारू विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश का का 36 वा सीएससी सेंटर शुरू किया गया है। इन सीएससी सेंटरों के माध्यम से सरकार की 136 सेवाओं का लाभ लोगों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएससी सेंटर के माध्यम से किए जाने वाले नागरिकों के कार्यो से प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता आई है।

सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला ने कृषि मंत्री का स्वागत करते हुए सीएससी सेंटरों के माध्यम से नागरिकों को प्रदत्त की जा रही सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोंजक सतीश खोला ने सी एस सी सेंटरों पर दी जाने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी इस से पूर्व श्री खोला ने परिवार पहचान पत्र कार्यशाला आयोजित की परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के लिये सोशल वर्करों का सभी बूथों पर पंजीकरण किया। कृषि मंत्री के निवास पर हवन यज्ञ के साथ विधिवत रूप से कृषि मंत्री निवास का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, वीरेंद्र कौशिक, रविंदर मंढोली, राजीव श्योराण,कैप्टन रामफल श्योराण, कृषि मंत्री के निजी सचिव जेपी दुबे सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस आने वाला वक्त, पंजाब में फिर बनेगी सरकार: कुमारी शैलजा

नरेश जैन

**सिरसा।** देश व प्रदेश में आने वाला वक्त कांग्रेस का है। पड़ोसी राज्य पंजाब में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने गांव बेगू में रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। गांव में पहुंचने पर कार्यक्रम संयोजक राजकुमार शर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा सहित पार्टी कार्यकताओं व ग्रामीणों ने शैलजा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने मौजूदा शासन पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के राज में हर कोई दुखी है। इस सरकार ने जन भलाई का कोई काम नहीं किया। विकास और सुशासन के झूठे नारे देकर सिर्फ जनता को गुमराह करने का ही काम किया है। कुमारी शैलजा ने कहा कि पंजाब के लोग कांग्रेस के शासन से खुश है और दोबारा पार्टी को सत्ता सौंपने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में एक बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि लोग अब भाजपा की कथनी व करनी का भेद अच्छे से जान चुके हैं। इस बार मतदाता किसी भी झांसे अथवा प्रलोभन में आने वाले नहीं। वह यह बात भलीभांति जान व समझ चुके हैं कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जो सबका कल्याण कर सकती है। आम आदमी को एक छोटा सा काम करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के कई कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। भाजपा राज में अफसरशाही बेलगाम हो चली है। कुमारी शैलजा ने कहा कि महंगाई नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क करके रख दिया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि जनता पर जबरन कानून थोपे जा रहे हैं। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर दमनचक्र चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर व इस जनविरोधी सरकार से छुटकारा पाने को बेताब बैठे हैं। कुमारी शैलजा ने कहा कि इन चुनावों के बाद भाजपा शासन की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। इस मौके पर कालांवाली से पार्टी के विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, कुलदीप गदराना, सुभाष जोधपुरिया, ओमप्रकाश केहरवाला, भूपेन्द्र गंगवा, रामनिवास, लाल बहादुर खोवाल,मंगत लालवास, उर्मिल भारद्वाज सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।


सिरसा के गांव बेगू में लोगों से मिलते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा।

# आरपीएस स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा देने वाले बच्चों का उमड़ा सैलाब

- स्कॉलरशिप परीक्षा में 3768 बच्चों ने लिया भाग
- आरपीएस ग्रुप के बच्चे शिक्षा के साथ खेल, आर्ट, कल्चरल सहित हर क्षेत्र में अव्वल: डॉ. ओपी यादव

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ में रविवार को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। अभिभावक अपने बच्चों को उत्साह के साथ आरपीएस स्कॉलरशिप परीक्षा दिलवाने पहुंचे। विद्यालय में परीक्षा देने आए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। इस परीक्षा में महेंद्रगढ़ जिले के साथ-साथ प्रदेश व दूसरे राज्यों से आए विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा को लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारियां की गई तथा कोविड-19 लेकर भी विशेष प्रबंध नजर आए। सैनिटाइजेशन के लिए विशेष तौर पर विद्यालय के प्रवेश द्वार पर ऑटोमेटिक मशीनें लगाई गई तथा परीक्षा के दौरान अभिभावकों के बैठने के लिए भी विशेष प्रबंध किया गया। संगीत टीम ने सभी अभिभावकों को अपने मधुर गीत-संगीत के माध्यम से बांधे रखा । प्राथमिक विभाग के नौनिहालों द्वारा प्रस्तुत किए गए सामूहिक नृत्य ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय के बच्चों की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया।

आरपीएस ग्रुप के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. ओपी यादव ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कल्चरल व अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर ग्रुप के सीईओ मनीष राव ने कहा कि बच्चों को उचित मंच देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाना आरपीएस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य है। इसी का नतीजा है कि हाल ही में एनटीएसई फेज -2 के परिणाम में देश में सर्वाधिक 66 बच्चों का चयन आरपीएस ग्रुप ने दिया है। मेडिकल, आईआईटी, एनडीए सहित अन्य क्षेत्र में आज आरपीएस के विद्यार्थी अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। पहले जहां क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी एजुकेशन के लिए दूरदराज भेजने को मजबूर थे परंतु अब दूरदराज के अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी एजुकेशन के लिए महेंद्रगढ़ भेज रहे हैं यह हम सब के लिए गौरव का विषय है। अभिभावकों के विश्वास के कारण आज महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है यहां कम खर्चे में अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवा रहे हैं। इस दौरान रिटायर्ड कर्नल एसके छिक्कारा ने भी बच्चों को भारतीय सेना की उपलब्धियां बताते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को सेना में भेजने तथा आरपीएस विद्यालय में करवाई जा रही एसएसबी की तैयारियों को लेकर विस्तार से बताया। प्राचार्य सुभाष यादव ने स्कॉलरशिप परीक्षा दिलवाने आए सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए बताया की इस बार आईआईटी एडवांस में 80, एनटीएसई स्टेट लेवल पर 70 तथा नेशनल लेवल पर 66, एनडीए में 110 , वीवीएम आरपीएस ग्रुप से 123 जिसमें 28 महेंद्रगढ़ से, नीट में आरपीएस के 65 बच्चों को गवर्नमेंट कॉलेज मिल चुके हैं। आरपीएस के सराहनीय परीक्षा परिणाम को देते हुए रविवार को स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा पहली से 11वीं तक के 3768 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा परिणाम तैयार होने पर प्रत्येक अभिभावक के मोबाइल पर भेजा जाएगा परिणाम जारी होने के बाद अभिभावक विद्यालय में भी फोन कर-के अपने बच्चे का परीक्षा परिणाम पूछ सकेंगे। परीक्षा के सफल आयोजन में डीन एलएन गौड़, उप प्राचार्य रविंद्र सिंह तंवर और दिनेश कुमार, विंग हेड जिले सिंह, ममता यादव, अनीता अहलावत सहित समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों के और पद स्वीकृत करे सरकार: रविंद्र सैनी

- अजय चौटाला से मिला सीडीएलयू कर्मचारी एसोसिएशन का शिष्टमंडल

नरेश जैन

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय की एम्पलाइज वेल्फेयर एसोसिएशन (एन. टी.) का शिष्टमंडल जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला से उनके निवास स्थान पर मिला और समस्याओं संबंधी एक ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल में सीडीएलयू के असिस्टेंट रजिस्ट्रार व पूर्व प्रधान बजरंग लाल, एम्पलाइज वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र सैनी, उपप्रधान संजय श्योराण, महासचिव डा. सुरेंद्र हांडा, सचिव राजेश टुटेजा, कैशियर प्रवीन कपूर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

प्रधान रविंद्र सैनी ने ज्ञापन देते हुए बताया कि चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में केवल 124 गैर शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि इसके मुकाबले इस विश्वविद्यालय से बाद में बने विश्वविद्यालयों में 500 से अधिक गैर शिक्षक कर्मचारियों के स्वीकृत पद हैं। विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर व विश्वविद्यालय की गुणवत्ता के लिए सरकार से गैर शिक्षक कर्मचारियों के 229 और पद मंजूर करवाए जाएं, ताकि शिक्षा का बेहतर किया जा सके। डा. अजय सिंह चौटाला ने उन्हें इस मामले में संबंधित विभाग से बातचीत कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।


जजपा अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला से मुलाकात करते शिष्टद्मंडल।

सौगात

### कैथल में मेडिकल कॉलेज बनने का रास्ता साफ

# कैथल में 900 करोड रुपए की लागत से बनेगा मेडिकल कॉलेज, डीपीआर बनकर तैयार

- मार्च में हो सकता है शिलान्यास, सीएम मनोहर लाल रखेंगे नींव पत्थर
- मेडिकल कॉलेज बनने से जिला के लोगों को मिलेगी आधुनिक चिकित्सा सुविधा: लीलाराम

नरेश भारद्वाज



मेडिकल कॉलेज बनाए जाने की जानकारी देते हुए विधायक लीलाराम।

**कैथल।** विधायक लीलाराम ने कहा कि जिला में जल्दी ही मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा। अगले महीने मार्च में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास होने की संभावना है। इस विषय पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत की गई। मुख्यमंत्री ने जल्द ही मैडिकल कॉलेज के शिलान्यास का आश्वासन दिया है।

मेडिकल कॉलेज के लिए 900 करोड़ की डीपीआर बनकर तैयार हो गई है। विधायक लीलाराम ने अपने आवास पर बातचीत करते हुए कहा कि जिला में यह बहुत बड़ा मेडिकल संस्थान बनने जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। रोजगार के साथ-साथ कैथल के आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। वर्तमान में क्षेत्र के लोगों को मेडिकल संस्थान नहीं होने की वजह से चंडीगढ़, पटियाला, रोहतक या दिल्ली जाना पड़ता है। जिले में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होने से सभी लोगों विशेषकर जिला वासियों को सुविधाएं मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज के संस्थान के पास ही महर्षि वाल्मीकि संस्कृत यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य भी चल रहा है। मेडिकल कॉलेज निर्माण से इलाके की तरक्की होगी और लोग खुशहाल होंगे। हल्का कैथल में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। खेत खलियान स्कीम के तहत खेतों के रास्ते पक्के किए जा रहे हैं। विधायक लीलाराम ने बताया कि हलके के सभी गांव में पीने के पानी की पाइप लाईन बिछाई जा रही है।

यह बहुत ही बढिया किस्म की पाइप है जिसकी लाइफ लगभग 100 साल तक है। इसमें ने तो पानी खराब होगा और ना ही यह पाइप टूटेगी। सरकार की योजना है कि हर घर में नल और हर नल में जल स्कीम के तहत हर व्यक्ति को पीने का पानी मुहैया कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि हरियाणा के 90 के 90 हलकों में समान रूप से विकास कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल दिल खोल कर के धनराशि मुहैया करवा रहे हैं । कैथल जिले में आने वाले सालों में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य पूरे करवा दिए जाएंगे। हल्के में सभी सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है।

कैथल से क्योड़क तक अंबाला रोड पर फोरलेन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जल्दी ही पाडला रोड से मानस रोड , सिरटा रोड पटियाला रोड व खुराना रोड पर कार्य जल्दी शुरू कर दिया जाएगा । शहर में 15 करोड रुपए से जल्दी ही गलियों व धर्मशालाओं का निर्माण शुरू हो जाएगा। इन सभी कार्यों के टेंडर लगाए जा रहे हैं।

इस मौके पर उनके साथ हरपाल शर्मा, राम कुमार नैन, संजय भारद्वाज, नरेश मित्तल, भाग सिंह खनोदा, शमशेर राठी, मक्खन सिंह डोहर, विकास कठवाड़, सतु कठवाड़, सुभाष शर्मा, शिशपाल गोरसी, मीनू तंवर, कुशल पाल सैन भी मौजूद रहे।

## जनता के अधिकार छीन रही सरकार: ओंकार सिंह

आज समाज नेटवर्क



मीटिंग के दौरान ओंकार सिंह, प्रधान महिंदर सेठी व अन्य। आज समाज

**अंबाला।** प्रॉपर्टी डीलरों के व्यवसाय की समस्याओं पर विचार करने व धारा 7ए नियमित कॉलोनियों पर लागू करने के अम्बाला के तहसीलदारों विरोध करने और आगे की रणनीति बनाने के लिए अम्बाला रियल एस्टेट एंड बिल्डर एसोसिएशन की मीटिंग प्रधान महिंदर सेठी के कार्यालय में सम्पन्न हुई। मीटिंग में प्रधान महिंदर सेठी ने कहा कि अपने अधिकारों का हनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। इसके लिए माननीय उच्च न्यायालय का सहारा ही क्यों न लेना पड़े। चेयरमैन अशोक गोयल ने कहा कि प्रशासन ने यदि हमारी जायज मांगों को मान कर समस्या का समाधान न किया तो मुख्यमंत्री से समय लेकर अपनी जायज मांगों के लिए बात की जाएगी। ओंकार सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार जनता के कानूनी व सविंधानिक अधिकार भी छीन रही है। अर्बन एरिया कंट्रोल्ड व नियंत्रित छेत्र अधिनियम1975 की धारा 7ए के अनुसार सरकार द्वारा किसी भी कानून के तहत नियमित कॉलोनी पर धारा 7ए लागू ही नही होगी, लेकिन बहुत ही अफसोस व निराशाजनक बात है कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की सरकार द्वारा वर्ष 2004 में नियमित, वर्ष 2014 में कांग्रेस सरकार द्वारा नियमित व 2018 में मौजूद सरकार द्वारा नियमित कॉलोनियों पर भी प्रशासन ने धारा 7ए लागू कर दी है जो कि जनता के अधिकारों का हनन है। भूमि की रजिस्ट्री करवाने का अधिकार कानूनी है और भारत मे कहीं भी संपत्ति खरीदने व बेचने का अधिकार सेविधान के अनुच्छेद 300ए में दिया गया है। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपायुक्त अंबाला पूरे जिले का सबसे बड़ा अधिकारी है और रजिस्ट्रार भी है इसलिए कल दिनांक 21 फरवरी को अंबाला छावनी व अम्बाला शहर के सभी साथी एकजुटता से उपायुक्त अम्बाला से मिलेंगे और समस्या का समाधान निकालने का आग्रह करेंगें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुनील सेठी,अनिल लांबा, परमवीर सिंह, शैली शर्मा, दीपक गुप्ता, हरीश शर्मा, राजीव मेहता, सुमित चौहान, वीके पाहवा, संजय कुमार, विमल गोयल, विनीश खन्ना, धर्मेन्द्र कुमार, निशांत, नीरज अरोड़ा, विमल गोयल,ईशु नय्यर,अम्पू गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

खबर एक्सप्रेस

### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**अंबाला।** रविवार को पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विकास कोहली ने छात्रों को वैदिक ज्ञान से अवगत करवाते हुए बताया कि वेदों में एक निराकार और सर्वव्यापक परमात्मा वह उसके गुणों के अनेक नाम बताए गए हैं। आर्य कमलेश शास्त्री ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि मन, वचन और कर्म का घनिष्ठ संबंध है मन में जैसे विचार उठते हैं वही हमारी वाणी के द्वारा प्रकट होते हैं। उन्हें के अनुसार हमारे कर्म होते हैं तत्पश्चात उन्हें कर्मों का फल भी देर सबेर हमें ही भोगना पड़ता है। गुलशन चांदना ने कविता के द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया । इसके उपरांत विद्यार्थियों ने आर्य समाज रेलवे रोड अंबाला शहर में जाकर श्रमदान किया। इसमें विद्यालय के 50 से छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर उनके एन एस एस इंचार्ज पंकज सूरी के मार्गदर्शन में विद्यालय व आर्यसमाज में साफ सफाई का कार्य किया गया। श्रमदान के पश्चात बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

### दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर इनसो ने पौधरोपण किया



**अंबाला।** अंबाला में जन नायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला का जन्मदिन जजपा की इकाई इनसो द्वारा समाजसेवा के कार्यो के साथ मनाया गया। इस मौके पर इनसो कार्यकताओं ने पौधरोपण किया व कुष्ट आश्रम में जाकर बुजुर्गों व बच्चों को फल बांटे। इसके अलावा जजपा व इनसो पदाधिकारीयों और कार्यकताओं द्वारा मंदिर में जाकर दिग्विजय चौटाला की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना भी की गई। सभी कार्यक्रम इनसो अंबाला जिला अध्यक्ष नवीन हरी की अध्यक्षता में किए गए। जहां जजपा जिला अध्यक्ष दलबीर पुनिया व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनसो नेता का कहना है कि दिग्विजय चौटाला ने हमेशा हरियाणा के युवाओं की हकों के लिए आवाज बुलंद की है छात्रों के साथ हुए किसी भी प्रकार के अत्याचार व नाइंसाफी के खिलाफ दिग्विजय चौटाला ने संघर्ष किया है। इस मौके लक्की जलबेड़ा, प्रताप चौड़मस्तपुर, विक्रम बाड़ा, राकेश चौहान, गैवी पुनिया, अक्षय विशिष्ट, असीम खैरा, मनदीप सैनी,विशाल खैरा,कमल, रोहित तूर, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### द एसडी विद्या स्कूल में सात दिवसीय एन एस एस शिविर का आगाज



**अंबाला।** द एस. डी. विद्या स्कूल, अंबाला छावनी में 20 फरवरी 2022 को सात दिवसीय एन एस एस शिविर का उदघाटन हुआ। 26 फरवरी, 2022 को इस शिविर का समापन होगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सह जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार ने शिविर के उद्घाटन के लिए स्कूल का दौरा किया। इस अवसर पर स्कूल की एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका मलिक तथा टीम के सदस्यअमित शर्मा, सुषमा मदान व कनिका कौशिक भी उपस्थित रहे। एन एस एस स्वयंसेवकों के लिए एक फिटनेस कसरत सत्र के साथ शिविर शुरू हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा एक सुंदर एन एस एस गीत प्रस्तुत किया । स्वयंसेवकों को विभिन्न समूह में विभाजित किया गया। एन एस एस टीम की सदस्य कनिका कौशिक ने बच्चों को दिशानिर्देश करते हुए एन एस एस की आवश्यकता, एन एस एस के उद्देश्य और अगले 7 दिनों में होने वाली गतिविधियों के विषय में बताया। 7 दिनों में स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियों जैसे वृद्ध आश्रम का दौरा, पोस्टर बनाना, समाज के जरूरतमंद समूहों के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण, सामाजिक मुद्दों पर रैलियां, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान आदि में शामिल होंगे। सभी स्वयंसेवक समाज सेवा के इस 7 दिनों के सफर को शुरू करने के लिए उत्सुक थे। बच्चों को प्रेरित करते हुए भाषण दिया गया कि उन्हें समाज सेवा में बढ़-चढ़कर योगदान देना है अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना है। एन एस एस टीम की सदस्य कनिका कौशिक ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को जनसेवा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निर्देशक प्राचार्या नीलइंदरजीत कौर संधू ने कहा कि यह 7 दिवसीय शिविर छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाने और मानव जाति की सेवा करने की भावना भरने में लाभदायक होगा। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग के सभी दिशा-निदेर्शों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### पैदल जा रही महिला से पर्स छीना

**बराड़ा।** कस्बे में चोरों का आंतक इस कदर बढ़ चुका है कि बीते दिवस एक महिला का दिन-दहाड़े बाईक सवारों ने पर्स छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत बराड़ा पुलिस में कर दी है। अपनी शिकायत में पीड़ित महिला संगीता निवासी सहारनपुर ने बताया कि वह अपनी मौसी बबली व मामा विकास कुमार के साथ दवाई लेने के लिए एमएम अस्पताल मुलाना में जा रही थी। जैसे ही हम बराड़ा बाजार में पहुंचे तो पीछे से बाईक सवार दो लडकों ने पर्स छीन लिया और भाग गए। पीड़ित महिला के अनुसार पर्स में 800 रुपए, मोबाईल, ई श्रम कार्ड , आधार कार्ड व बैंक कॉपी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसडी विद्या स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आगाज



सात दिवसीय एनएसएस शिविर में भाग लेते छात्र-छात्राए।

**अंबाला।** एसडी विद्या स्कूल अंबाला छावनी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उदघाटन हुआ। 26 फरवरी को इस शिविर का समापन होगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सह-जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार ने शिविर के उद्घाटन के लिए स्कूल का दौरा किया। इस अवसर पर स्कूल की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका मलिक तथा टीम के सदस्य अमित शर्मा, सुषमा मदान व कनिका कौशिक भी उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए एक फिटनेस कसरत सत्र के साथ शिविर शुरू हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा एक सुंदर एनएसएस गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों को विभिन्न समूह में विभाजित किया गया। एनएसएस टीम की सदस्य कनिका कौशिक ने बच्चों को दिशानिर्देश करते हुए एनएसएस की आवश्यकता, एनएसएस के उद्देश्य और अगले 7 दिनों में होने वाली गतिविधियों के विषय में बताया। 7 दिनों में स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियों जैसे वृद्ध आश्रम का दौरा, पोस्टर बनाना, समाज के जरूरतमंद समूहों के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण, सामाजिक मुद्दों पर रैलियां, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान आदि में शामिल होंगे। सभी स्वयंसेवक समाज सेवा के इस 7 दिनों के सफर को शुरू करने के लिए उत्सुक थे। बच्चों को प्रेरित करते हुए भाषण दिया गया कि उन्हें समाज सेवा में बढ़-चढकर योगदान देना है, अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखना है। एनएसएस टीम की सदस्य कनिका कौशिक ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को जनसेवा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की निर्देशक प्रधानाचार्या नीलइंदरजीत कौर संधू ने कहाकि यह 7 दिवसीय शिविर छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाने और मानव जाति की सेवा करने की भावना भरने में लाभदायक होगा। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग के सभी दिशा-निदेर्शों और सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करते हुए पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## हरियाणा कई क्षेत्रों में अन्य प्रदेशों को राह दिखाने का कर रहा काम : कटारिया


**अंबाला।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के सांसद रतन लाल कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर सशक्त हुआ है और देश ने प्रगति के नये आयाम को छुआ है। गांव मिजार्पुर माजरा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के निवास पर कार्यकर्ताओं से बातचीत में सांसद रतन लाल कटारिया व सांसद नायब सिंह सैनी ने पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा किया है। दोनों ही नेताओं ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड़ व पंजाब आदि में चुनाव प्रचार के दौरान महसूस किया कि जनता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से खुश है और विपक्ष के अनर्गल प्रचार के बावजूद भाजपा को जीत दिलाने का मन बना चुकी है।

कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा कई क्षेत्रों में अन्य प्रदेशों को राह दिखाने का काम कर रहा है। हरियाणा की नीतियों एवं योजनाओं का अन्य प्रदेश अनुसरण कर रहे है। उन्होने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान प्रदेश है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रौद्योगिकी, कृषि, ग्राम्य क्रांति, उद्योग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्तोदय, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्रों में एक नव-क्रांति का सूत्रपात किया है, जो प्रदेश के हर नागरिक को स्वावलंबन, स्वाभिमान एवं समृद्धि की ओर ले जा रहा है।

## राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में प्रदेशभर के बेहतरीन नस्ल के पशु लेंगे भाग : डीसी

आज समाज नेटवर्क

**अंबाला।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि भिवानी के सेक्टर 13 के सामने हुडा खाली मैदान में आगामी 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पशु-प्रदर्शनी में प्रदेशभर के बेहतरीन नस्ल के पशु भाग लेंगे। पशु-प्रदर्शनी में 12 प्रजाति के पशुओं में 53 श्रेणियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें गाय, भैंस, बैल, खागड़, भेड़, बकरी, मेंढ़े, ऊंट, घोड़े, सूअर व गधों की भी प्रतियोगिता होगी। पशु प्रदर्शनी में पशु पालकों को पशुपालन से संबंधित नई नई जानकारी मिलेगी। उन्होंने पशुपालकों से अनुरोध किया है कि वे इस राज्यस्तरीय मेले में बढ़-चढ़ कर भाग लें।



पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग, अम्बाला के उप-निदेशक डा. प्रेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पशु-प्रदर्शनी में मुर्राह नस्ल, हरियाणा नस्ल, साहीवाल व विदेशी गायों में प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जिनका पंजीकरण 25 फ रवरी से पहले करवाना होगा। पशु प्रदर्शनी में पशु पालकों को पशु पालन से संबंधित नवीनतम जानकारी मिलेगी, जो उनकी आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। राज्य स्तरीय पशुओं के लिए चारे व पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। अलग-अलग नस्ल के पशुओं को स्टालनुमा जगह में अलग-अलग खड़ा किया जाएगा, जहां पर लोग आसानी से उन्हें देखकर उनके बारे में सारी जानकारी ले सकेगे। प्रदर्शनी में पशु व कृषि विशेषज्ञों द्वारा पशु पालकों एवं कृषकों को नई-नई तकनीकों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजाति अथवा नस्ल के पशुओं की शामिल किया जाना है। मुर्राह नस्ल की प्रतियोगिता में मुर्राह नस्ल के व्यस्यक झोटे, मुर्राह नस्ल के दो से चार दांत वाले जवान झोटे, मुर्राह नस्ल की दूध देने वाली भैंस, मुर्राह नस्ल की शुष्क भैंस, मुर्राह नस्ल की दो से चार दांत वाली झोटियां, मुर्राह नस्ल के एक से दो साल के कटड़े, मुर्राह नस्ल की एक से दो साल कटडि?ं, झोटियां शामिल हैं। इसी प्रकार हरियाणा नस्ल की प्रतियोगिता में हरियाणा नस्ल के प्रजनन योग्य व्यस्यक खागड़, हरियाणा नस्ल की दूध देने वाली गाय, हरियाणा नस्ल की शुष्क गाय, हरियाणा नस्ल की दो से चार दांत वाली बछडियां, हरियाणा नस्ल के सभी उम्र के बैलों की जोड़ी तथा साहीवाली नस्ल की प्रतियोगिता में साहीवाल नस्ल की दूध देने वाली गाय, साहीवाल नस्ल की शुष्क गाय, साहीवाल नस्ल की दो से चार दांत वाली बछडियां, साहीवाल नस्ल के प्रजनन योग्य व्यस्यक खागड़ शामिल हैं। इसी क्रम में देशी गायों की गिर, पारपारकर, राठी व बैलाही नस्लों की प्रतियोगिता में पारपारकर नस्ल की दूध देने वाली गाय, बेलाही नस्ल की दूध देने वाली गाय, राठी नस्ल की दूध देने वाली गाय, गिर नस्ल की दूध देने वाली गाय, राठी, गिर, पारपारकर व बैलाही नस्ल के प्रजनन योग्य खागड़ शामिल है।

विदेशी शंकर नस्ल की प्रतियोगिता में विदेशी शंकर नस्ल की दूध देने वाली गाय, शंकर नस्ल की शुष्क गाय, शंकर नस्ल की दो से चार दांत वाली बछडियां, शंकर नस्ल के प्रजनन योग्य खागड़ तथा गौशालाओं की गायों की प्रतियोगिता में गौशालाओं की दूध देने वाली गाय, गौशालाओं की शुष्क गाय, गौशालाओं की हरियाणा नस्ल के प्रजनन योग्य खागड़, गौशालाओं के साहीवाली नस्ल के प्रजनन योग्य खागड़, गौशालाओं की दो से चार दांत वाली बछड़ियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में शामिल घोड़ों की नस्ल में दो या उससे ज्यादा दांत वाले घोड़े, घोडियां, जवान घोड़े/बछेरा, जवान घोड़ी/बछेरी, खस्सी घोड़े, व्यस्यक गधे, व्यस्क गधी तथा ऊंटों की प्रतियोगिता में व्यस्यक ऊंट व ऊंटनी और भेड़/मेंढ़े की प्रतियोगिता में नाली नस्ल के छह या उससे अधिक दांत वाले मेंढें, नाली नस्ल की छह या उससे अधिक दात वाला भेड़, तीन का जोड़ा, दो से चार दांत वाली जवान भेड़ें, दो से चार दांत वाला जवान मेंढां शामिल हैं।

## राजयोग के अभ्यास से भौतिक, मानसिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं: बीके सरोज



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि।

**अंबाला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय 16 कंच घर अम्बाला शहर की ओर से 21 दिवसीय अभियान के अंतर्गत आज ब्रह्मकुमारीज सेवाकेंद्र कंच घर और श्री नीलकंठ महादेव प्राचीन शिव मंदिर, सेक्टर-7 अम्बाला शहर में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभ भावनाओं और शुभ कामनाओं के साथ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला युवा अधिकारी मैडम अर्शदीप कौर, नगर पार्षद गुरप्रीत शाना वार्ड-12, जिला अध्यक्ष भाजपा इकोनोमिक सेल कपिश गर्ग, एडवोकेट संदीप सचदेवा मनोनीत पार्षद तथा यतिन बंसल पार्षद वार्ड-13 और कई गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित हुए। ब्रह्मकुमारीज, कंच घर अम्बाला शहर की मुख्या संचालिका बी के सरोज दीदी ने कहा स्वयं की पहचान से ही समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा बढेगा क्योंकि बिना आपसी सौहार्द के अच्छे समाज का निर्माण मुश्किल है। इसके लिए खुद को परमात्मा से जोड़े तो परमात्मा पिता के सारे ज्ञान, गुण और विशेषताएं स्वयं में आने लगेगी। यह महाशिवरात्रि का पर्व सभी मनुष्यात्माओं को सम्मलित पर्व के रूप में मनाना चाहिए क्यूंकि परमपिता परमात्मा शिव हम सब आत्माओं के पिता हैं। वह जो है, जैसा है, उसे वैसा ही जानकर उनकी याद में रहकर अपने मूल आत्मा स्वरुप को पहचानना और मूल गुण को धारण करना चाहिए। हम राजयोग के अभ्यास से भौतिक, मानसिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं और स्वर्णिम भारत के निर्माण में एक महतवपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गुरप्रीत शाना ने कहा कि सही मायने में यह संस्था संस्कार परिवर्तन का कार्य कर रही है। यहां आने के बाद खुद का एहसास होने लगता है। संदीप सचदेवा ने कहा कि बी के बहनें जो समाज में ईश्वरीय ज्ञान का प्रचार प्रसार कर रही हैं उससे लोगों की रूचि अध्यात्म की ओर बढ़ रही है। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति पर नृत्य प्रस्तुत किया और बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिदिन श्रेष्ठ कर्म करने का संकल्प लिया व राजयोग सीखने की इच्छा जाहिर की। बी के शिवानी दीदी ने राजयोग मेडीटेशन का अभ्यास कराया। इस मौके पर अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए व उन्हें अंत में ईश्वरीय सौगात भेंट कर समान्नित किया गया।

## किसानों ने थाने में किया प्रदर्शन



थाने में रोष प्रदर्शन करते दनौली वासी किसान।

**असंध।** उपमण्डल के गांव दनौली में शनिवार रात को अज्ञात चोरों द्वारा पशु बाड़े से भैंसे चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसानो ने थाने में पहुंचकर प्रसाशन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया।

पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। दनौली वासी दलबिंदर ने कहा कि कई दिन से गांव में भैंसे खरीदने के लिए पशु व्यापारी आते थे। वह कई बार आये थे लेकिन मैने उनको भैंसा नहीं दिया। शनिवार को वह अपने बाड़े में पशु सही से बांधकर गया था। लेकिन जब वह करीब 2 बजे रात को देखने के लिए गए तो उसके बाड़े से 2 भैंस, 1 झोटा, 1 कटड़ा नहीं मिला। इसके लिए उन्होंने कई जगह तलाश की लेकिन नहीं मिले। जिससे उसको लाखों रुपए का नुकशान हुआ है। थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



प्रमाण पत्र के साथ ग्रामीण।

## साइलेंट डोनर ने नोहनी गांव में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**मुलाना।** साइलेंट डोनर ग्रुप द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों और दिल्ली किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों की याद में पहले रक्तदान शिविर का नोहनी गांव आयोजन किया गया। इस दौरान शुभम मास्टर ने बताया कि रक्तदान शिविर में गांव के हर वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और गांव की महिलाओं ने भी आगे आकर रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 61 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ और रक्तदान करने वाले नागरिको को प्रमाण पत्र वितरित किये गए । रक्तदान शिविर पार्थ ब्लड सेंटर कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित हुआ। इस शिविर में गांव के आर्यन, नमन, रणधीर, आयुष, नवनीत, पारुल, रजत, सचिन, सागर, सोहित, विशु, विशाल कलालटी, मोहित कलालटी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

## छापेमारी करने गई पुलिस टीम के साथ हाथापाई, केस दर्ज

आज समाज नेटवर्क

**सिरसा।** जिला के गांव फरवाई में अवैध शराब की बिक्री पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम के साथ हाथापाई, सरकारी कार्य में बाधा डालने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।




मामले के अनुसार सदर थाना पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि गांव फरवाई निवासी कुलवंत सिंह अवैध शराब निकालने का धंधा करता है। अगर तुरंत उसके घर रैड की जाए तो काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम तैयार कर कुलवंत सिंह के घर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने देखा कि कुलवंत सिंह मकान के आंगन में जमीन के अंदर गड़े पॉलीथिन में रखे लाहन को निकाल रहा है। टीम ने उसे तुरंत काबू कर नाम पूछा तो उसने अपना नाम कुलवंत सिंह निवासी ढाणी फरवाई कलां बताया। इसी दौरान कुलवंत सिंह पुलिस पार्टी के साथ हाथापाई करने लगा। तभी उसका लडका मंगल सिंह उर्फ मंगा व 4-5 महिलाएं लाठी-डंडों सहित मौके पर आ गई और पुलिस पार्टी के साथ हाथापाई व मारपीट करने लगे। कुलवंत सिंह मौके से भाग गया। इसके बाद सदर थाना में इस मामले की सूचना दी गई, जिसके बाद फोर्स मौके पर पहुंची। मारपीट करने वाले लोग पुलिस पार्टी को दोबारा से ढाणी में आने पर देख लेने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस पार्टी ने ढाणी में तलाशी ली तो वहां रबड़ की कैनियों में काफी मात्रा में लाहन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मेरी फसल-मेरा ब्यौरा का पोर्टल 28 फरवरी तक पुन: किया चालू

**अंबाला।** उपकृषि निदेशक डॉ. गिरीश नागपाल ने बताया कि फसलों के पंजीकरण हेतू हरियाणा सरकार द्वारा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा का पोर्टल 28 फरवरी तक पुनः चालू कर दिया है।

उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि सभी किसान 28 फरवरी तक अपनी फसलों का पंजीकरण करवा लें ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने व अन्य योजनाओं के लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों की भूमि लवणीय और जल जमाव वाली है, वे अपनी भूमि के सुधार हेतू 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान समय रहते इन स्कीमों में पंजीकरण करवाएं और स्कीमों का लाभ उठाएं।